# स्पष्ट आवाज़

SA NEWS

लखनऊ

सोमवार, 18 मार्च, 2024 वर्ष : 20, अंक: 262 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3




दिव्यांग तीरंदाज शीतल देवी बनी...पेज-12










आर.सी.जे. ज्वैलर्स

(आर.सी. ज्वैलर्स)

सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज

लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर

गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ

बान वाली गली, चौक, लखनऊ

मो. - 8299567219

9455555965, 9415133977


## अरुणाचल, सिक्किम विधानसभा की मतगणना अब दो जून को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनावों में मतगणना पूर्व घोषित चार जून की जगह दो जून को कराने की रविवार को घोषणा की।

आयोग ने आज यहां कहा कि उसे इन दोनों रज्यों में चुनाव वहां वर्तमान विधानसभाओं की समाप्ति तिथि से पहले कराना है। दोनों राज्यों में विधानसभाओं का कार्यकाल दो जून को समाप्त हो रहा है।इसे देखते हुए आयोग ने इन राज्यों में मतगणना दो जून को कराने का निर्णय लिया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन राज्यों में दो जून तक चुनाव प्रक्रिया संपन्न करा दी जायेगी। इन विधानसभाओं के चुनाव के लिए शनिवार को घोषित अन्य कार्यक्रमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वहां लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए घोषित कार्यक्रमों में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। अरुणाचल प्रदेश में सभी 60 विधानसभा सीटों का चुनाव लोकसभा के पहले चरण के मतदान के साथ 19 अप्रैल को होगा। इसके लिए अधिसूचना 20 मार्च को जारी होगी। नामांकन पत्र दाखिल 27 मार्च तक किए जा सकेंगे और उनकी जांच 28 मार्च को तथा नामांकन वापस लेने की तिथि 30 मार्च निर्धारित की गयी है। मतगणना दो जून को होगी तथा चुनाव प्रक्रिया छह जून को पूर्ण कर ली जाएगी।

## पुन: आरएसएस के सरकार्यवाह चुने गये दत्तात्रेय होसबाले

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने रविवार को श्री दत्तात्रेय होसबाले को पुनः तीन वर्ष के लिए सरकार्यवाह चुन लिया। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के तीन दिन के अधिवेशन के समापन दिवस के पूर्वाह्न के सत्र में वर्ष 2024-27 के सरकार्यवाह के दायित्व के लिए श्री होसबाले पुनः निर्वाचित हुए। श्री होसबाले वर्ष 2021 में पहली बार सरकार्यवाह निर्वाचित हुए थे और तब से इस दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

अपराह्न में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि श्री होसबाले को सर्वानुमति से पुनः तीन वर्ष के लिए सरकार्यवाह के दायित्व के लिए चुना गया है। श्री होसबाले ने कहा कि पिछली बार उन्हें बेंगलुरु में सरकार्यवाह का दायित्व दिया गया था। उनके मन में नागपुर में ही यह गुरुत्तर दायित्व लेने की इच्छा थी। पर कोविड के कारण प्रतिनिधि सभा की बैठक नागपुर की जगह बेंगलुरु में आयोजित की गयी थी। लेकिन इस बार यह इच्छा भी पूरी हो गयी है। उन्होंने कहा, मैं पुनः सभी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने पुनः मुझे इस गुरुत्तर दायित्व के योग्य समझा। संघ की जो परंपरा है, मार्गदर्शन है, मैं उस पर चलने का प्रयास करूंगा।

उन्होंने बाद में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारी की दृष्टि से यह बैठक बहुत महत्त्वपूर्ण थी। इसमें हमारा ध्येय है कि भारतीय चिन्तन, समाज परिवर्तन में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता बढ़े। उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष मई से शुरू होकर अप्रैल 2025 तक अहिल्याबाई होल्कर की जन्म की त्रिशताब्दी मनाई जाने वाली है। अहिल्याबाई होल्कर ने देशभर के धार्मिक स्थलों का पुनर्निर्माण करवाया और अभावग्रस्त लोगों के आर्थिक स्वावलम्बन के लिए बहुत कार्य किए हैं, जिसके संबंध में समाज को जानकारी नहीं है। इस वर्ष उनके योगदान को सम्पूर्ण भारत में प्रसारित करने की दृष्टि से योजना पर कार्य शुरू है।



उन्होंने कहा कि बैठक में बताया गया कि अयोध्या में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा से संघ का व्यापक जनसंपर्क हुआ। अक्षत वितरण अभियान द्वारा 5,78,778 गावों और 4,727 नगरों के कुल 19 करोड़, 38 लाख, 49 हजार, 71 परिवारों से स्वयंसेवक सहित 44 लाख, 98 हजार 334 रामभक्तों ने संपर्क किया। इस अभियान द्वारा प्राप्त उत्साही प्रतिक्रिया और स्वागत ने लोगों में संघ के प्रति विश्वास को फिर से मजबूत किया है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक 15 मार्च को शुरू हुई थी। आज अपराह्न सरसंघचालक मोहन भागवत के पाथेय के बाद बैठक का समापन हो जाएगा। बैठक में सभी 45 प्रांतों से 1500 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

बैठक में संघ शिक्षा वर्ग की रचना में नवीन पाठ्यक्रम जोड़ने का निर्णय हुआ है। पहले संघ शिक्षा वर्ग की रचना में - 7 दिनों का प्राथमिक शिक्षा वर्ग, 20 दिनों का प्रथम वर्ष, 20 दिनों का द्वितीय वर्ष और 25 दिनों का तृतीय वर्ष होता था। अब आगे नवीन रचना में 3 दिनों का प्रारम्भिक वर्ग, 7 दिनों का प्राथमिक शिक्षा वर्ग तथा 15 दिनों का संघ शिक्षा वर्ग तथा कार्यकर्ता विकास वर्ग-एक 20 दिन और 25 दिनों का कार्यकर्ता विकास वर्ग-2 होंगे। इन वर्गों में विशेष रूप से व्यावहारिक प्रशिक्षण का समावेश भी रहेगा।

# तीसरे कार्यकाल में होंगे बड़े फैसले

**●गठबंधन को इस्तेमाल करके फेंक देती है कांग्रेस**

**तिरुवनंतपुरम।** चुनाव आयोग ने शनिवार को आम चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। चुनाव तारीखों के एलान के बाद पीएम मोदी एनडीए गठबंधन की पहली रैली में शिरकत की। खास बात यह है कि इस रैली में पीएम मोदी के साथ ही एनडीए में शामिल टीडीपी के चीफ चंद्रबाबू नायडू और जन सेना पार्टी के चीफ पवन कल्याण भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तीसरे कार्यकाल में बड़े निर्णय लिए जाएंगे। विकसित भारत के लिए इस बार एनडीए 400 पार जाएगी। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश को शिक्षा का केन्द्र बनाया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए में हम सबको साथ लेकर चलते हैं, लेकिन दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी का एक ही एजेंडा है- गठबंधन के लोगों को



इस्तेमाल करो और फेंक दो। आज कांग्रेस ने भले ही इंडी गठबंधन बना लिया हो, लेकिन उनकी सोच वही है। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश कह रहा है 'अबकी बार 400 पार'। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में हमारे सहयोगी लगातार बढ़ रहे हैं। एनडीए की ताकत बढ़ रही है। चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण लंबे समय से आपके अधिकारों और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए का लक्ष्य विकसित भारत के लिए विकसित आंध्र प्रदेश का निर्माण करना है। पीएम मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश में केंद्र सरकार की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए जनता को एनडीए सांसदों और विधायकों को जिताना होगा। एनडीए के सभी सांसद और विधायक जनता के लिए बहुत मेहनत से काम करेंगे और ये मोदी की गारंटी है। हमारी सरकार गरीबों की सेवा करती है। पिछले 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं।

### मोदी ने कैबिनेट की बैठक में मंत्रियों से कहा-

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने कैबिनेट मंत्रियों से नई सरकार के पहले 100 दिनों और अगले पांच साल के लिए एक रूपरेखा तैयार करने को कहा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने आज सुबह यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्रियों से अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर इस बारे में चर्चा करने के लिए कहा कि नई सरकार के पहले 100 दिन और अगले पांच साल के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है। यह बैठक निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद हुई है। मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को निर्वाचन आयोग की सिफारिश भेजकर सात चरण के संसदीय चुनावों की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू की। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 102 सीट पर मतदान के लिए पहली अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही किसी विशेष चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाती है।

## अदालत के फ़ैसले से पहले ईडी ने केजरीवाल को भेजा समन : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को कहा कि अदालत के फ़ैसले का इंतज़ार किए बिना प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घोटाले के साथ-साथ जल बोर्ड के फर्जी मामले में भी समन भेज दिया।

'आप' की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आतिशी ने आज कहा, श्री केजरीवाल को गिरफ़्तार करने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मक़सद आबकारी नीति के फर्जी केस में पूरा नहीं हो रहा तो नया केस तैयार करवा दिया गया है। ईडी को क़ानूनी प्रक्रिया से कोई मतलब नहीं, उसका एकमात्र मक़सद अरविंद केजरीवाल को गिरफ़्तार करके चुनाव प्रचार करने से रोकना है।

सुश्री आतिशी ने कहा, आज के समय में श्री मोदी का जो विरोध करता है, ईडी और केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) उसके पीछे पड़ जाती है। ईडी-सीबीआई-आयकर विभाग सिर्फ़ प्रधानमंत्री के विरोधियों को ख़त्म करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे है।

'आप' नेता ने कहा, कल अदालत ने श्री केजरीवाल जमानत दे दी। अब क़ानूनी प्रक्रिया की शुरुआत होगी, केस पर बहस होगी और इस बात की जाँच होगी कि ईडी का समन क़ानूनी है या ग़ैर-क़ानूनी है लेकिन प्रधानमंत्री क़ानूनी प्रक्रिया का सम्मान नहीं करते। प्रधानमंत्री को सिर्फ़ एक चीज से मतलब है कि, किसी न किसी तरह से चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया जाए, और उन्हें चुनाव में प्रचार करने से रोक दिया जाए।

## संक्षिप्त आवाज़

### एआईपीईएफ ने केंद्र सरकार के निजीकरण एजेंडे का किया विरोध

**जालंधर।** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) की संघीय परिषद की बैठक में बिजली (संशोधन) नियमों के माध्यम से बिजली मंत्रालय के निजीकरण के एजेंडे का जोरदार विरोध किया गया है। एआईपीईएफ के अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे ने रविवार को कहा कि पिछले दस वर्षों के दौरान केंद्र सरकार ने पांच बार बिजली संशोधन विधेयक का मसौदा तैयार किया लेकिन लगातार दो लोकसभा कार्यकाल में सफल नहीं हो सकी। उन्होने कहा कि प्रतिस्पर्धी बोली के नाम पर लगभग हर दर पर ट्रांसमिशन का बड़े पैमाने पर निजीकरण चल रहा है।

### हिंसा मामले में कड़ी कार्रवाई की जा रही : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने रविवार को कहा कि गुजरात सरकार अहमदाबाद के एक विश्वविद्यालय में हुई हिंसा के मामले में सख्त कार्रवाई कर रही है, जिसमें दो विदेशी छात्र घायल हो गए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि हिंसा में घायल दो विदेशी छात्रों में से एक को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि कल अहमदाबाद स्थित गुजरात विश्वविद्यालय में हिंसा की घटना हुई। राज्य सरकार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि हिंसा में दो विदेशी छात्र घायल हो गए। उनमें से एक को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त जी.एस. मलिक ने बताया कि घटना के संबंध में 20 से 25 लोगों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गयी है और जांच के लिए नौ टीम गठित की गई हैं।

## ईसी ने इलेक्टोरल डेटा वेबसाइट पर डाला

**●इसमें 2019 से पहले की भी जानकारी, भाजपा ने सबसे ज्यादा 6,986 करोड़ के बॉन्ड कैश कराए**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री से 16 मार्च को मिला इलेक्टोरल बॉन्ड का नया डेटा रविवार को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया। नए डेटा में फाइनेंशियल ईयर 2017-18 के बॉन्ड्स की जानकारी शामिल है। आयोग ने 14 मार्च को 763 पेज की दो लिस्ट में अप्रैल 2019 के बाद खरीदे या कैश किए गए बॉन्ड की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड की थी। एक लिस्ट में बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी, जबकि दूसरी में राजनीतिक दलों को मिले बॉन्ड की डिटेल थी। सुप्रीम




कोर्ट के निर्देश पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने 14 मार्च को बॉन्ड से जुड़ी जानकारी चुनाव आयोग को दी थी। इसमें बॉन्ड के यूनीक अल्फा न्यूमेरिक नंबर्स नहीं थे। कोर्ट ने 15 मार्च को एसबीआई को नोटिस जारी कर 18 मार्च तक जवाब मांगा है। चुनाव आयोग के डेटा के मुताबिक, भाजपा ने कुल 6 हजार 986 करोड़ रुपए के चुनावी बॉन्ड कैश कराए हैं। पार्टी को 2019-20 में सबसे ज्यादा 2 हजार 555 करोड़ रुपए मिले हैं। वहीं, डीएमके को इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से 656.5 करोड़ रुपए मिले, जिसमें लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के फ्यूचर गेमिंग से 509 करोड़ रुपए भी शामिल हैं। आयोग की वेबसाइट पर मौजूद डेटा के मुताबिक कुछ पार्टियों ने एसबीआई से बॉन्ड्स के यूनीक नंबर्स मांगे हैं। तृणमूल कांग्रेस ने कहा है कि उसे नंबर्स चाहिए ताकि वह सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन कर सके। भारतीय जनता पार्टी ने एसबीआई से ऐसी कोई अपील नहीं की है, बल्कि उसने पूरा डेटा दिया है। बहुजन समाज पार्टी ने कहा कि उसे चुनावी बॉन्ड के जरिए कोई चंदा नहीं मिला है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने भी कहा कि उसे भी इलेक्टोरल बॉन्ड्स से चंदा नहीं मिला।

### एल्विश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रेव पार्टी में सांपों के जहर सप्लाई करने के मामले में बिग बॉस विजेता और मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया। नोएडा पुलिस की टीम ने रविवार को एल्विश यादव को पूछताछ करने के लिए बुलाया था। पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। नोएडा पुलिस की टीम उसे कोर्ट में पेश करने के लिए सूरजपुर कोर्ट में पेश किया, जहां सुनवाई के बाद एल्विश यादव को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। एल्विश यादव समेत छह लोगों के खिलाफ कोतवाली सेक्टर-49 में पीपुल्स फॉर एनिमल संस्थान ने सांपों के जहर सप्लाई करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद इस मामले में पुलिस ने चार सपेरे और एक अन्य को गिरफ्तार किया था।







## महादेव सट्टा ऐप : पूर्व सीएम बघेल और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने ईडी की सौंपी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर उनके खिलाफ केस दर्ज किया। भूपेश बघेल के खिलाफ महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले में केस दर्ज किया गया है। ईडी महादेव सट्टा ऐप पर करीब 1 साल से कार्रवाई कर रही है।

विधानसभा चुनाव के दौरान भी भूपेश बघेल का नाम सामने आया था। अब इस मामले में केस दर्ज किया गया है। बता दें कि भूपेश बघेल को कांग्रेस ने राजनांदगांव लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। लगभग एक साल से अधिक समय से महादेव ऐप से जुड़े धन शोधन मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले दिनों आरोप लगाया था कि उसकी जांच में छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्च पदस्थ राजनेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता सामने आई है।



महादेव ऐप के दो मुख्य प्रवर्तक छत्तीसगढ़ से ताल्लुक रखते हैं। ईडी के अनुसार, इस मामले में अपराध से अर्जित अनुमानित आय करीब 6,000 करोड़ रुपये है। ईओडब्ल्यू के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ईडी मामले की जांच कर रही है और राज्य की आर्थिक अपराध शाखा/भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर चार मार्च को यहां ईओडब्ल्यू पुलिस थाने में बघेल और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### श्रीलंका नौसेना ने 21 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**रामेश्वरम (तमिलनाडु)।** श्रीलंका की नौसेना ने रविवार को द्वीप राष्ट्र के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में कथित तौर पर गैरकानूनी मछली पकड़ने की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और दो मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नावों को जब्त कर लिया। तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने यहां कहा कि गिरफ्तार मछुआरे रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह 2,000 से अधिक मछुआरे मछली पकड़ने के लिए रामेश्वरम मछली पकड़ने वाले घाट से समुद्र में उतरे थे। उन्होंने बताया कि उनमें से 21 मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने उस समय हिरासत में ले लिया, जब वे अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के करीब मछली पकड़ रहे थे।

## चुनावी बांड के नाम पर हुई वसूली में संलिप्त है मोदी सरकार : रामगोविंद

**●निष्पक्ष जांच के लिए अडवाणी का अनुसरण करें प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और भारतीय जनता पार्टी**

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव उत्तर प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा है कि चुनावी बांड के नाम पर क्षद्म कम्पनियों के माध्यम से भाजपा के लिए की गई अकूत धन वसूली के मामले में अभी तक जो तथ्य उजागर हुआ है, उसमें मोदी सरकार हर स्तर पर लिप्त नजर आ रही है। इस मामले की चर्चा में लोग देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को भी संलिप्त मान रहे हैं। उन्होंने कहा है कि लोगो के बीच सरकार, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के प्रति यह धारणा देश के हित में नहीं है। इसलिए इस पूरे प्रकरण की जांच सुप्रीमकोर्ट की निगरानी में कोई ऐसी उच्चस्तरीय समिति करे जिसमें देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से भी पूछताछ करने की शक्ति निहित हो। रविवार को अपने लखनऊ आवास पर पत्रकारों और समाजवादी साथियों से बातचीत में सपा के राष्ट्रीय सचिव उत्तरप्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा है कि इस मामले में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और सम्पूर्ण भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व को अपनी ही पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण अडवाणी का अनुसरण कर जांच का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। उन्होंने कहा है कि श्री अडवाणी के उपर 1996 में हवाला के माध्यम से पैसा लेने का आरोप लगा था। उन्होंने नैतिकता के आधार पर लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अटल बिहारी वाजपेयी सहित अन्य दलों के कई नेताओं ने भी अडवाणी से इस्तीफा वापस लेने को कहा लेकिन वह नहीं माने। उन्होंने अदालत का सामना किया और बाइज्जत बरी होने के बाद 1998 में हीरो की तरह चुनाव जीत कर लोकसभा में प्रवेश किए।

स्पष्ट आवाज़

SA NEWS

लखनऊ, सोमवार, 18 मार्च, 2024

विक्रम संवत 2080, फाल्गुन मास, द्वितीया (कृष्ण पक्ष)



आलोचना से बचने का एक ही तरीका है : कुछ मत करो, कुछ मत कहो और कुछ मत बनो। — अरस्तु

# एजेंसियों के छापों से बॉन्ड वसूली

अभी जब तक यह पता नहीं चलता है कि किस कंपनी ने किस पार्टी को कितना चंदा दिया है तब तक इसे संयोग ही मानें कि चुनावी बॉन्ड खरीदने वाली पांच सबसे बड़ी कंपनियों में से तीन के यहां प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग ने छापा मारा था। इस बात को थोड़ा और विस्तार दें तो एक आंकड़ा यह है कि 12 अप्रैल 2019 से लेकर 24 जनवरी 2024 तक यानी करीब पांच साल में जिन कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड खरीदा है उनमें से 30 सबसे बड़ी कंपनियां ऐसी हैं, जिनमें से 14 के यहां किसी न किसी केंद्रीय एजेंसियों का छापा पड़ा है या कार्रवाई शुरू हुई है।

> इस बात को थोड़ा और विस्तार दें तो एक आंकड़ा यह है कि 12 अप्रैल 2019 से लेकर 24 जनवरी 2024 तक यानी करीब पांच साल में जिन कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड खरीदा है उनमें से 30 सबसे बड़ी कंपनियां ऐसी हैं, जिनमें से 14 के यहां किसी न किसी केंद्रीय एजेंसियों का छापा पड़ा है या कार्रवाई शुरू हुई है। यह भी संयोग है कि कुछ कंपनियों को बड़े सरकारी ठेके मिले उससे ठीक पहले या ठीक बाद उन्होंने चुनावी बॉन्ड खरीदे। सो, जब तक सारे आंकड़े नहीं आते हैं और जब तक बॉन्ड के यूनिक कोड से मिलान नहीं हो जाता है ।

यह भी संयोग है कि कुछ कंपनियों को बड़े सरकारी ठेके मिले उससे ठीक पहले या ठीक बाद उन्होंने चुनावी बॉन्ड खरीदे। सो, जब तक सारे आंकड़े नहीं आते हैं और जब तक बॉन्ड के यूनिक कोड से मिलान नहीं हो जाता है कि किसका खरीदा बॉन्ड किसको मिला तब तक इसे संयोग मानें। लेकिन उन आंकड़ों के बगैर यह तो हकीकत है कि सबसे 50 फीसदी से ज्यादा चंदा भाजपा को मिला है तो केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई के दायरे में आई कंपनियों का भी ज्यादा चंदा उसी के खाते में गया होगा।

बहरहाल, सबसे ज्यादा चुनावी बॉन्ड लॉटरी किंग के नाम से मशहूर सैंटियागो मार्टिक की कंपनी फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज ने खरीदी हैं। कंपनी ने 27 अक्टूबर 2020 से पांच अक्टूबर 2023 तक यानी तीन साल में 1,368 करोड़ रुपए का चुनावी बॉन्ड खरीदा है। इस बीच 2022 में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की थी और धन शोधन के मामले में उसकी 409 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की थी। इसी तरह सबसे ज्यादा बॉन्ड खरीदने वाली दूसरी कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड है, इसने 966 करोड़ रुपए का चुनावी बॉन्ड खरीदा है। इस कंपनी के ऊपर अक्टूबर 2019 में आयकर विभाग ने छापा मारा था। इसके बारे में एक रिपोर्ट यह भी है कि कंपनी ने महाराष्ट्र में ठाणे-बोरीवली टनल रोड का 14 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा ठेका मिलने से एक महीने पहले 140 करोड़ रुपए का चुनावी बॉन्ड खरीदा था। ऐसे ही तीसरी बड़ी कंपनी है वेदांता लिमिटेड। इस ग्रुप की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड, के ऊपर अगस्त 2022 में धन शोधन के एक मामले में ईडी ने छापा मारा था।

## आज का इतिहास

1801-भारत में पहली आयुध निर्माण फैक्ट्री स्थापित की गई थी।

1914-आज़ाद हिन्द फ़ौज के अधिकारी गुरबख्श सिंह ढिल्लों का जन्म।

1922-महात्मा गांधी को कारावास की सजा सुनाई गई।

1925-पूर्वोत्तर टोक्यो में आग लगने से 3,000 इमारतें नष्ट हो गईं।

1938-हिन्दी सिनेमा जगत के प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक शशि कपूर का जन्म।

1944-नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आज़ाद हिंद फ़ौज ने बर्मा के रास्ते भारत में प्रवेश किया।

1971-पेरू में भूस्खलन से 200 लोगों की मौत हो गई।

1978-पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को फांसी देने का फैसला किया गया।

1995-माइकल जॉर्डन ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए अपने 17 महीने के एनबीए की समाप्ति की घोषणा की।

1997-तुर्की में रूसी विमान दुर्घटना में 50 लोगों की मौत हो गई।

2000-उगांडा में प्रलय दिवस सम्प्रदाय के 230 सदस्यों ने आत्मदाह किया।

2006-संयुक्त राष्ट्र ने %मानवाधिकार परिषद% के गठन का प्रस्ताव मंजूर किया।

2007-उत्तर कोरिया ने परमाणु कार्यक्रम बन्द करने का कार्य प्रारम्भ किया।

2007-पाकिस्तान क्रिकेट कोच बॉब वूल्मर किंग्स्टन के एक होटल के बाथरूम में मृत पाए गए।

2008-टाटा समूह के अध्यक्ष रतन टाटा को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर में %डॉक्टर ऑफ़ सांइस% की मानद उपाधि से सम्मानित किया।

# भाजपा को हरियाणा में खट्टर को थोड़ा पहले ही विदा कर देना चाहिए था

चेतनादित्य आलोक

आमतौर पर राजनीति के क्षेत्र में आने वाले तूफानों की भविष्यवाणी करना बेहद मुश्किल कार्य होता है। दूसरे शब्दों में कहें तो राजनीतिक तूफानों का पुरोवाक् लिखना बहुत कम लोग ही जानते हैं... और जो जानते हैं वे तूफानों के आने पर विचलित नहीं होते, बल्कि शांत और प्रसन्न किंतु गतिशील बने रहते हैं। देखा जाए तो मंगलवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ कुछ-कुछ ऐसा ही हुआ। दरअसल, घटनाक्रम कुछ इस प्रकार आगे बढ़ा कि 11 मार्च को गुरुग्राम पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की भूरी-भूरी प्रशंसा की और दूसरे दिन दोपहर तक खट्टर सरकार से बाहर हो गए या कर दिए गए, जिसे जो उचित लगे उसे वही समझ लेने की यहां पूरी गुंजाइश है। गौरतलब है कि खट्टर के साथ व्यतीत किए गए अपने पुराने दिनों की याद ताजा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने मनोहर लाल की प्रगतिशील मानसिकता के बारे में खुलकर बात की थी। गुरुग्राम में खट्टर के साथ मंच साझा करते हुए उन्होंने कहा- %जब दरी पर सोने का जमाना था, तब भी हम साथ थे। उस समय इनके (खट्टर के) पास एक मोटरसाइकिल थी। हम लोग उसी पर सवार होकर हरियाणा भ्रमण करते थे।% प्रधानमंत्री ने कहा कि खट्टर मोटरसाइकिल चलाते थे और वे पीछे बैठा करते थे। हम रोहतक से निकलते थे और गुरुग्राम आकर रुकते थे। आश्चर्य होता है कि 11 मार्च को प्रधानमंत्री ने ये बातें कहीं और 12 मार्च को सुबह अचानक ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जननायक जनता पार्टी (जजपा) के बीच दरार एवं मुख्यमंत्री खट्टर के इस्तीफे की चर्चा शुरू हो गई। दृश्य मीडिया जगत् यानी टीवी के खबरों की दुनिया में यह खबर सनसनी की तरह फैली और जब तक यह अपना पूरा प्रभाव छोड़ती तब तक यह खबर अपनी अंतिम परिणति तक पहुंच चुकी थी। तात्पर्य यह कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को बाहर का रास्ता दिखाया जा चुका था। राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो मुख्यमंत्री खट्टर को तो जाना ही था, बल्कि सच कहा जाए तो उन्हें थोड़ा और पहले जाना चाहिए था। इससे नई सरकार को जनता के बीच अपना फेस-ऑफ करने तथा काम के बल पर अपनी इमेज बनाने का भरपूर समय मिल सकता था। गौरतलब है कि खट्टर का दूसरा कार्यकाल इसी वर्ष अक्तूबर में पूरा होना था।

जाहिर है कि अक्तूबर में हरियाणा में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में लगभग 69 वर्षीय थके-हारे से दिखाई देने वाले सहज और सरल स्वभाव के स्वामी मनोहर लाल खट्टर के भरोसे भाजपा हरियाणा के दंगल में नहीं उतरना चाहती थी। यही नहीं, कुछ ही महीने पूर्व हरियाणा में हुए सांप्रदायिक दंगे के दौरान मुख्यमंत्री खट्टर का ढिलाई से पेश आना भी उनकी विदाई का एक बड़ा कारण रहा है।

# किस आधार पर भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति नामों को देती है मंजूरी

नीरज कुमार दुबे

लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा अबकी बार 400 पार का नारा लगा रही है। यह नारा हकीकत बनता है या नहीं यह तो चुनाव परिणाम बाद ही पता चलेगा लेकिन इतना तो है कि चुनावी तैयारियों के लिहाज से भाजपा इस समय अन्य दलों से काफी आगे नजर आ रही है। आम चुनावों की तारीखों की घोषणा से पहले भाजपा अपने उम्मीदवारों की दो सूची जारी कर चुकी है। इस दौरान देखने को मिला कि सिर्फ मीडिया ही नहीं बल्कि जनता भी भाजपा उम्मीदवारों की सूची में शामिल नामों को जानने के लिए उत्सुक थी। ऐसा प्रतीत हुआ कि भाजपा की उम्मीदवारी हासिल करना ही जीत की गारंटी है। शायद इसी गारंटी के लालच में ही चुनावों से पहले कई नेताओं ने दल बदल कर भाजपा का दामन थाम लिया तो कई ऐसे नेता भाजपा में लौट आये जोकि कुछ समय पहले कहीं और चले गये थे। चुनावों से पहले जिस तरह भाजपा से लोकसभा चुनाव का टिकट हासिल करने के लिए होड़ दिखी वह अभूतपूर्व थी। हमने भाजपा के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में कई ऐसे लोगों को भी पाया जोकि भाजपा से जुड़े हुए नहीं थे लेकिन वहां इसलिए आ गये थे ताकि पार्टी नेताओं को देश के लिए काम करने के अपने विजन के बारे में बता कर उम्मीदवारी हासिल कर सकें। इन लोगों का विश्वास था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज में भाजपा का टिकट हासिल करने के लिए वरिष्ठ नेताओं की परिक्रमा करनी जरूरी नहीं है और अब सिर्फ योग्यता के आधार पर ही किसी को उम्मीदवार बनाया जाता है। देखा जाये तो यह लोग कुछ हद तक सही भी थे लेकिन भाजपा के काम करने के तरीके से अनजान थे इसलिए जब वह सीधे लोकसभा चुनाव का टिकट मांग रहे थे तो वहां खड़े लोग मुस्कुरा रहे थे।इसलिए आइये आपको समझाते हैं कि भाजपा आखिर किस आधार पर किसी को पार्टी का उम्मीदवार बनाती है। सबसे पहले तो आपको यह समझना होगा कि भाजपा चुनावों से ठीक पहले या चुनावों की घोषणा के बाद ही उम्मीदवारों की तलाश शुरू नहीं करती है बल्कि उसकी यह प्रक्रिया सतत रूप से चलती रहती है। मसलन जैसे अभी लोकसभा चुनाव होने हैं तो उसके लिए उम्मीदवारों के नामों पर मंथन डेढ़ साल से चल रहा है। अभी भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की जो दो बैठकें हुई हैं उनमें सिर्फ उन नामों पर मुहर लगाने का काम हुआ है जोकि पार्टी की विभिन्न समितियों ने केंद्रीय चुनाव समिति को तमाम तरह की रिपोर्टों के साथ संलग्न करके भेजे थे।

हमारे पास सूत्रों के हवाले से जो खबरें हैं उसके मुताबिक आइये आपको समझाते हैं जब भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होती है तो उसमें क्या होता है। उदाहरण के लिए लोकसभा चुनावों की ही बात करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति वाली बैठक में पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्यों को सबसे पहले यह बताते हैं कि आज किन राज्यों की सीटों पर चर्चा होनी है। इसके बाद उस राज्य से भाजपा मुख्यालय में पहले से आकर बैठे हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री या विधायक दल का नेता, राज्य के पार्टी प्रभारी और यदि किसी केंद्रीय मंत्री के पास उस राज्य का प्रभार है तो उनको भी बैठक में बुला लिया जाता है। मान लीजिये कि उस राज्य में 25 सीटें हैं। सबसे पहले उन सीटों पर चर्चा की जाती है जहां किसी को फिर से मौका देना है। प्रदेश अध्यक्ष एक-एक कर सीट का नाम बोलते हैं और बैठक कक्ष में मौजूद बड़ी स्क्रीन पर उस सीट के दावेदारों का परिचय फोटो के साथ एक-एक करके आता रहता है। सभी दावेदारों के आगे विभिन्न





> यह नारा हकीकत बनता है या नहीं यह तो चुनाव परिणाम बाद ही पता चलेगा लेकिन इतना तो है कि चुनावी तैयारियों के लिहाज से भाजपा इस समय अन्य दलों से काफी आगे नजर आ रही है। आम चुनावों की तारीखों की घोषणा से पहले भाजपा अपने उम्मीदवारों की दो सूची जारी कर चुकी है। इस दौरान देखने को मिला कि सिर्फ मीडिया ही नहीं बल्कि जनता भी भाजपा उम्मीदवारों की सूची में शामिल नामों को जानने के लिए उत्सुक थी।

सर्वेक्षणों की रिपोर्ट के अलावा यह भी लिखा होता है कि उन्होंने पार्टी के कार्यों में कितनी रुचि दिखाई, विवादों में कितना घिरे रहे, संसदीय कार्यों में कितनी रुचि ली, संसद में कितनी उपस्थिति रही, सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाने के अभियान में क्या योगदान दिया, स्थानीय स्तर पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ कैसा व्यवहार रहा, संसदीय क्षेत्र में जो वादे किये थे उन्हें कितना पूरा किया। इसके अलावा उस क्षेत्र के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों से संबंधित ग्राफ के अलावा उस सीट पर विपक्ष की ओर से खड़ी की जाने वाली चुनौतियों पर चर्चा की जाती है। राज्य के नेता एक-एक करके हर दावेदार के नाम के गुण और दोष बताते हैं। उसके बाद भाजपा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव उन एजेंसियों की सर्वेक्षण रिपोर्ट दिखाते हैं जो भाजपा ने उस क्षेत्र के संभावित प्रत्याशियों को लेकर करवायी होती है। वह यह भी बताते हैं आरएसएस और उसके आनुषांगिक संगठनों की ओर से उस क्षेत्र के प्रत्याशी के लिए क्या फीडबैक मिला है। इसके बाद केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य उन नामों पर अपनी राय रखते हैं और जो नाम तय होते जाते हैं उन्हें केंद्रीय चुनाव समिति के सचिव अलग से नोट करते रहते हैं। जिन नामों पर केंद्रीय चुनाव समिति का कोई सदस्य या खुद प्रधानमंत्री उस पर आपत्ति जता दें तो फिर पार्टी की प्रदेश इकाई को उस सीट के लिए और नाम सुझाने के लिए कहा जाता है। कई बार ऐसा भी होता है कि नामों पर चर्चा करने के लिए आई प्रदेश इकाई टीम को कह दिया जाता है कि किसी भी निवर्तमान सांसद या पहले लड़ चुके उम्मीदवार को इस बार मौका नहीं दिया जायेगा इसलिए सभी नाम नये होने चाहिए।इसी तरह एक के बाद एक अलग राज्यों के नेताओं को बुला कर चर्चा की जाती है। मान लीजिये कि एक दिन में चार राज्यों पर चर्चा हुई तो उन चार राज्यों की जिन सीटों के लिए नाम तय हो गये हैं उसे जारी करने से पहले एक बार फिर से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिखाया जाता है और फिर मीडिया को नाम जारी कर दिये जाते हैं। हम आपको यह भी बता दें कि पार्टी की राज्यों की चुनाव समिति केंद्रीय चुनाव समिति में नाम भेजने से पहले सभी दावेदारों की सूची बनाती है। इस सूची में वह नाम तो होते ही हैं जो दावेदारों ने खुद आवेदन करके दिये होते हैं साथ ही इसमें वह नाम भी होते हैं जो भाजपा की स्थानीय इकाई, संघ और उसके आनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों की ओर से भेजे गये होते हैं। इसके अलावा राज्यों में भाजपा के संगठन महासचिव या पूर्णकालिक कार्यकर्ता हमेशा इस बात की खोज करते रहते हैं कि समाज जीवन के जिस भी क्षेत्र में कोई व्यक्ति उल्लेखनीय कार्य कर रहा हो उसे कैसे पार्टी से जोड़ा जाये और समय आने पर उसे चुनाव लड़ने का अवसर भी दिया जाये, ऐसे में यदि वह कोई नाम सुझाते हैं

# शिक्षा, ज्ञान और नैतिकता

गिरीश्वर मिश्र

आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है। ज्ञान का विस्फोट हो रहा। इस युग की मान्यता है कि ज्ञान अपने आप में 'सेकुलर' (यानी निर्दोष!) होता है और उसका किसी तरह के मानवीय मूल्य से कुछ लेना-देना नहीं होता है। वह सबकुछ से परे अर्थात् निरपेक्ष-निष्पक्ष होता है। आज विज्ञान की साखी के साथ (सफ़ेद कोट से सजे) विज्ञापनों की धूम मच रही है। कभी ज्ञान को शक्ति का महान स्रोत घोषित किया गया (नोलेज इज पावर!)। वह छवि आज भी विद्यमान है। विद्या के परिसरों में भी मानविकी (ह्यूमेनिटीज), विज्ञान (साइंस) और प्रौद्योगिकी (टेक्नोलोजी) के आगे बेहद फीकी पड़ रही है। आज विज्ञान से बढ़त पाकर कुछ देश शेष विश्व पर नियंत्रण करने में लगे हुए हैं। शायद इसी सोच के साथ परमाणु बम जैसे संहारक अस्त्र-शस्त्र भी बनते गए। आज भी संहार की विभीषिका का अनुभव करने के बाद भी नए-नए ज़्यादा से ज़्यादा संहार शक्ति वाले अस्त्र-शस्त्र बनाने की होड़ लगी हुई है। अब छोटे-बड़े सभी देश अपने बजट में जन-कल्याण की जगह युद्धास्त्रों के मद पर सबसे ज़्यादा खर्च कर रहे हैं।



आज दुनिया में दो घोषित युद्ध चल रहे हैं जिनके आयोजन में विकसित दुनिया के बड़े-बड़े देश शामिल हैं। इन युद्धों में जीवन और सम्पदा की हो रही भीषण तबाही का भयानक मंजर सभी देख रहे हैं। यह तब हो रहा है जब दुनिया विश्वयुद्ध में बड़े पैमाने हो चुके संहार की साक्षी रही है । इस तरह के घटना-चक्र के पीछे की ज्ञान-दृष्टि बेमानी सिद्ध हो रही है। किंतु प्रबल उपभोग वृत्ति के आकर्षण और बाज़ार पर अधिकाधिक प्रभुत्व स्थापित करने के तीव्र दुराग्रह के बीच हमें कुछ भी दिख नहीं है। आज पृथ्वीसमेत पूरी प्रकृति और सारी मनुष्यता के भविष्य पर भीषण ख़तरा मंडराता दिख रहा है। हमारी वैज्ञानिक ज्ञान-दृष्टि की एक सीमा यह भी उभर रही है कि हम इस स्थिति में निरुपाय और विवश बने रहने के लिए अभिशप्त हो चले हैं। इस दृष्टि से अभिभूत हम सब प्रगति, विकास और उन्नति के प्रलोभन से ग्रस्त हो कर घोर अनैतिकता और अमानवीयता को नज़र अन्दाज़ करते जा रहे हैं। सूचना और परौद्योगिकी के अतिरेक वाले आज के विस्मय भरे दौर में ज्ञान की भूमिका अनधिकृत रूप से वर्चस्व, शोषण और दूसरों को पराभूत करने वाली शक्ति की होती जा रही है। अतिविकसित कहलाने वाले अधिकांश देश इसी राह पर चल रहे हैं। उनके अहंकार का यह विकट नर्तन अंततः आत्महंता होता जा रहा है। पश्चिमी दृष्टि से भिन्न भारतीय प्रज्ञा के अनुसार ज्ञान इस पृथ्वी पर सबसे पवित्र होता है ङ्क न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रं इह विद्यते । पवित्रता का अनुभव निर्मल करने वाला होता है। उससे व्यक्ति के दोष दूर होते हैं और सद्गुण विकसित होते हैं। महात्मा बुद्ध ज्ञान (प्रज्ञा) के आधार के रूप में शील का उल्लेख करते हैं। भारत की ज्ञान परम्परा में ज्ञान या विद्या को समझाते हुए उसे क्लेशों से मुक्त करने वाला, विवेक जगाने वाला और मन में कर्तव्य का भाव स्थापित करने वाला बताया जाता रहा है। ज्ञान प्रकृति से ही नैतिक है। ज्ञान की यह सोच एक बड़े दायरे में विस्तृत है- इसमें सामान्य या लौकिक ज्ञान और आध्यात्मिक ज्ञान, अपरा और परा दोनों तरह की विद्याओं को सम्मिलित किया गया है। वस्तुतः ज्ञान अर्जित करना मनुष्य जीवन के लिए एक सतत लक्ष्य है और उसे प्राप्त का जीवन का परिष्कार और उसमें संवर्धन लाने का उपाय भी है। इस तरह विद्या मनुष्य के द्वारा जो कुछ मनोवांछित है उसे साधने या सिद्ध करने में समर्थ मानी गई है- किं किं न साधयति कल्पलतेव विद्या । ज्ञान के मार्ग पर चलने का उद्देश्य दुःख का निवारण कहा गया। उसे निश्श्रेयस अर्थात् मुक्ति से जोड़ा गया। अर्थ और वित्त की प्राप्ति कर लेना, संसाधन जुटा लेना उसका लक्ष्य नहीं हो सकता।

# चुनावों में कांग्रेस इस बार उत्तर प्रदेश में शून्य पर सिमट सकती है



-अजय कुमार

उत्तर प्रदेश की राजनीति में जिस कांग्रेस का हमेशा अपर हैंड रहता था, वह अब दूसरों के रहम-ओ-करम पर राजनीति करने को मजबूर हो गई है। प्रदेश में ना उसका वोट बैंक बचा है, ना नेता और संगठन। हाँ, यदि हवा-हवाई बातों से पार्टी को फायदा हो पाता तो जरूर यूपी में कांग्रेस टॉप पर होती, लेकिन ऐसा होता नहीं है। आज का मतदाता अपने नेताओं पर बारीकी से नजर रखता है। इस कसौटी में कांग्रेस की टॉप लीडरशिप और गांधी परिवार पूरी तरह से नाकामयाब रहा है। कांग्रेस के विधान सभा और लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के आंकड़े भी चुनाव-दर-चुनाव उसके जनाधार खिसकने के साक्षी हैं। यह गिरावट 1984 के बाद चार दशक में आई है। 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सभी 85 सीटों (तब उत्तराखंड की भी पांच सीटें शामिल) पर चुनाव लड़ी थी और 83 सीटों पर जीत हासिल की थी। भले ही तब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस के साथ जनभावनाओं का ज्वार था, जिसके सहारे पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अपने प्रदर्शन के शिखर को छुआ। यह वह दौर था जब राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस का एकछत्र राज था और बीजेपी की एंट्री भर हुई थी, लेकिन उसकी राजनैतिक विचारधारा कांग्रेस से उलट थी। बीजेपी तुष्टिकरण की जगह हिन्दुत्व की बात करती थी। अयोध्या, काशी और मथुरा उसके एजेंडे में प्रमुख रूप से शामिल थे, जिससे कांग्रेस हमेशा किनारा करती रही थी। वहीं क्षेत्रीय दलों के रूप में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी जातिवादी राजनीति को आगे बढ़ा रहे थे। प्रदेश की राजनीति में बदले समीकरणों ने जहां दूसरे दलों के लिए नई संभावनाएं जगाई, वहीं कांग्रेस को अपनों से मायूसी ही मिलती गई। 1984 में 51.03 प्रतिशत वोट हासिल करने वाली कांग्रेस फिर ऐसे जनाधार को वापस नहीं हासिल कर सकी। आज उसका जनाधार दो प्रतिशत में सिमट गया है।दरअसल, प्रदेश में सपा व बसपा के उदय के साथ ही कांग्रेस पीछे होती गई और भाजपा की प्रखर हिंदुत्व वाली छवि ने उसकी राह और मुश्किल कर दी। ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम कांग्रेस के परंपरागत वोटर माने जाते थे। सपा के उदय के साथ मुस्लिम कांग्रेस से छिटक कर उसके पाले में चला गया। बसपा ने कांग्रेस के दलित वोट बैंक पर कब्जा कर लिया। कांग्रेस से मोहभंग के बाद ब्राह्मणों ने भाजपा का दामन थाम लिया। वर्ष 2000 में उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड के अलग होने के बाद की बात की जाए तो कांग्रेस वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में 80 सीटों पर लड़ी थी और 21 सीटों पर जीत हासिल की थी। पिछले ढाई दशक में यह कांग्रेस का सर्वाधिक उत्साहित करने वाला प्रदर्शन था। इसके पीछे कांग्रेस की मनरेगा व खाद्य सुरक्षा को लेकर नीतियों की बड़ी भूमिका मानी गई थी। कांग्रेस केंद्र में दोबारा सरकार बनाने में सफल हुई थी। इसके बावजूद कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अपनी साख को बचाए रखने में कामयाब नहीं रही।उत्तर प्रदेश में अपना जनाधार बढ़ाने के लिय पार्टी ने कई प्रयोग भी किए। राहुल गांधी को यूपी में पैर पसारने के लिये खुली छूट दी गई, इसके नतीजे उत्साहवर्धक नहीं आये तो प्रियंका वाड्रा को प्रदेश का प्रभारी भी बनाया गया, लेकिन बूथ स्तर पर कमजोर हुई पार्टी के सामने कार्यकर्ताओं में पुराना जोश भरना सपना ही रहा। उधर, कांग्रेसी नेता आपस में टांग खिंचाई करते रहे, जिसकी वजह से पार्टी में अंतरकलह भी बढ़ता गया। 2014 लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद कांग्रेस के लिए उत्तर प्रदेश में 2009 का अपना प्रदर्शन दोहराने को तरसती ही रही। नेहरू-गांधी परिवार का उत्तर प्रदेश से गहरा रिश्ता होने के बाद भी पार्टी खोया दमखम नहीं जुटा सकी। पिछले चुनाव में कांग्रेस रायबरेली की एकमात्र सीट पर ही जीत का स्वाद चख सकी थी। पिछले लोकसभा चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी तक हार गये। जबकि रायबरेली की सांसद सोनिया गांधी अबकी बार सदन में जाने के लिये राज्यसभा सदस्य बन चुकी हैं। इस बार वह भी चुनाव नहीं लड़ेंगी। ऐसे में कांग्रेस के सामने उत्तर प्रदेश में अपनी खोई जमीन तलाशने के साथ ही परंपरागत सीट अमेठी व रायबरेली में अपनी साख को बचाए रखने की चुनौती से जूझ रही है। इससे निपटने के लिए पार्टी सपा से गठबंधन के तहत उसके हिस्से आई 17 सीटों पर पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में है।

# एक साथ चुनावः सकारात्मक पहल

सुरेश हिन्दुस्थानी

अभी हाल ही में एक साथ चुनाव कराने को केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई उच्च स्तरीय समिति ने व्यापक मंथन करने के पश्चात अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी। इस समिति ने इस आधार पर एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया है, क्योंकि इसके लिए अधिकांश राजनीतिक दलों की राय एक साथ चुनाव कराने को लेकर सकारात्मक रही। राजनीतिक विद्वानों का मानना है कि एक साथ चुनाव से देश में विकास की धारा को गति मिलेगी। क्योंकि बार-बार चुनाव होने के कारण सभी राजनीतिक दलों के नेता और प्रशासनिक अधिकारी चुनाव में व्यस्त रहते हैं, जिसके कारण जन सामान्य के जुड़े ऐसे कार्य भी प्रभावित होते हैं, जो बहुत जरूरी होते हैं। ऐसे में एक साथ चुनाव कराया जाना सार्थक पहल कही जा सकती है। इससे बार-बार चुनाव में लगने वाले समय में कमी आएगी और आवश्यक कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जा सकेगा। यह बात स्मरण करने वाली है कि वर्तमान केंद्र सरकार ने देश में कई परियोजनाओं को तय समय से पहले ही पूर्ण किया है। एक साथ चुनाव होने से इसमें और गति आएगी, यह तय है। वर्तमान में भारत में ऐसे कई कारण हैं, जो राष्ट्रीय विकास में बाधक बन रहे हैं। इसमें एक अति प्रमुख कारण बार-बार चुनाव होना है। देश में होने वाले चुनावों के दौरान लगने वाली आचार संहिता के चलते सरकार का कामकाज भी प्रभावित होता है। हमारे देश में किसी न किसी राज्य में हर वर्ष चुनाव प्रक्रिया चलती रहती है। चुनाव के दौरान संबंधित सरकार कोई बड़ा निर्णय नहीं ले सकती। चुनाव होने के कारण राजनीतिक



दल हर साल केवल चुनाव जीतने की योजना बनाते रहते हैं। इस कारण देश के उत्थान के बारे में योजना बनाने या सोचने का उतना समय भी नहीं मिल पाता, जितना सरकार का कार्यकाल होता है। इसलिए वर्तमान में जिस प्रकार एक साथ चुनाव कराने की योजना पर मंथन चल रहा है, वह देश को उत्थान के मार्ग पर ले जाने का अभूतपूर्व कदम है। केंद्र सरकार ने देश में एक साथ चुनाव कराने के बारे में प्राथमिक कदम उठा कर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या एक साथ चुनाव कराया जाना उचित है? यकीनन इसका उत्तर यही होगा कि यह ठीक कदम है। अब 47 में से 32 राजनीतिक दलों ने एक साथ चुनाव पर मोहर लगाकर इसके रास्ते की बाधाओं को हटाने का कार्य किया है। यही राष्ट्रीय सोच होना चाहिए। अगर इसे इसी दृष्टिकोण से देखेंगे तो हमें यह कदम अच्छा ही लगेगा। एक साथ चुनाव कराए जाने को लेकर केंद्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में समिति बनाई। उन्होंने राष्ट्रपति रहते एकबार अपने अभिभाषण में भी एक साथ चुनाव कराए जाने पर जोर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा था कि बार-बार होने वाले चुनावों से विकास में बाधा आती है, ऐसे में देश के सभी राजनीतिक दलों को एक साथ चुनाव कराने के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। सच कहा जाए तो एक साथ चुनाव कराया जाना राष्ट्रीय हित का विषय है, जिसे सभी दलों को सकारात्मक दृष्टि से लेना होगा। हम यह भी जानते हैं कि देश के स्वतंत्र होने के पश्चात लम्बे समय तक एक साथ चुनाव की प्रक्रिया चली, लेकिन कालांतर में कई राज्यों की सरकारें अपने कार्यकाल की अवधि को पूरा नहीं कर पाने के कारण हुए मध्यावधि चुनाव के बाद यह क्रम बिगड़ता चला गया और चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे। इसके कारण देश में सरकारी कामकाज की प्रक्रिया तो बाधित होती ही है, साथ ही सरकारी कामकाज को लेकर सक्रिय रहने वाले सरकारी अधिकारी और आम जनता भी ऐसी बाधाओं के चलते निष्क्रियता के आवरण को ओढ़ लेते हैं। यह भी काम में रुकावट का कारण बनती है। इन सभी कारणों के निदान के लिए देश में एक साथ चुनाव कराने के विषय पर सभी राजनीतिक दलों के बीच संवाद बढ़ना चाहिए और इस बारे में आम सहमति बनायी जानी चाहिए। केंद्र सरकार की मंशा स्पष्ट है लेकिन विपक्षी राजनीतिक दल इस बारे में क्या राय रखते हैं, यह अभी तक सामने नहीं आ पाया है। हालांकि देशहित के मुद्दे पर विपक्षी राजनीतिक दलों को भी इस बारे में सरकार के रुख का पूरी तरह से समर्थन करना चाहिए। एक साथ चुनाव होने से देश में विकास की गति को समुचित दिशा मिलेगी, जो बहुत ही आवश्यक है। क्योंकि देश में बार-बार चुनाव होने से जहां राजनीतिक लय बाधित होती है, वहीं देश को आर्थिक बोझ भी झेलना पड़ता है। इसलिए एक साथ चुनाव कराए जाने के अच्छे विचार को कैसे अमल में लाया जा सकता है, इसके बारे में गंभीरतापूर्वक चिंतन करना चाहिए। यह कठिन कार्य नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### 84 कोसी परिक्रमा पर निकले संतों का व्यापार मंडल ने किया फूल मालाओं से स्वागत



**इटावा।** मैया रुक्मणी के भक्तों द्वारा 84 कोसी परिक्रमा सैफई के नगला बिहारी पहुंची जहां उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की टीम ने फूल मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर परिक्रमा यात्रा का संचालन कर रहे श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री अमर दास जी त्यागी उद्धव कुटी वृंदावन ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि मैया रुक्मणी का जन्म कुंदनपुर में हुआ था जिसे आज कुदरकोट कहा जाता है वहां से हमारी यात्रा भगवान श्री कृष्ण की कृपा से निरंतर 2 वर्षों से चल रही है।इस वर्ष 11 मार्च से शुरू हुई यात्रा 22 मार्च तक चलेगी 84 कोश में भगवान श्री कृष्णा और मैया रुक्मणी की कृपा सभी भक्तों पर बनी रहे। यात्रा में प्रमुख रूप से श्री श्री 108 शिवराज दास जी महाराज श्री राम जानकी मंदिर लोंगपुर इटावा श्री श्री 1008 महंत घनश्याम दास जी लॉन्ग पूरा इटावा श्री श्री 1008 श्री महंत हरिदत्त दास जी महाराज कोलेरा शांति आश्रम इटावा ट्रैक्टर सेवा में लगे सुनील कुमार अतर सिंह यादव महंत कन्हैया दास महंत रामेश्वर दास रुक्मणी धाम कुंदनपुर आदि का उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप जिला उपाध्यक्ष अतुल त्रिपाठी युवा शहर अध्यक्ष अजय गुप्ता शहर महामंत्री रमेश यादव मुकेश यादव आदि ने फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया।

### जिला पंचायत राज अधिकारी ने सचिवों को आवंटित किया क्लस्टर

**हलिया (मिर्जापुर)।** जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार ने जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के 15 मार्च अनुमोदन के बाद हलिया विकास खंड के गौरवा,मनिगढा,दिघुली,बरौंधा क्लस्टर सचिवों को आवंटित किया है। ग्राम विकास अधिकारी अरविंद कुमार को गौरवा क्लस्टर के ग्राम पंचायत बरंया,फुलियारी,गौरवा,परसिया कला,व ग्राम विकास अधिकारी विजय कुमार को मनिगढा क्लस्टर के ग्राम पंचायत बड़ौहा,महोखर, मनिगढा, पटपरा व ग्राम विकास अधिकारी गौरव कुमार को दिघुली क्लस्टर के ग्राम पंचायत बसकोप,भिटहा,दिघुली, कोठी धौकल सिंह, लोहरौव व ग्राम विकास अधिकारी आशीष कुमार यादव को बरौंधा क्लस्टर के ग्राम पंचायत बबुरा भैरोदयाल, बरौंधा, ददरी,तेंदुई की जिम्मेदारी सौंपी है। इससे पहले ग्राम विकास अधिकारी अरविंद कुमार के पास गौरवा व मनिगढा तथा गौरव कुमार के पास बरौंधा व दिघुली क्लस्टर की जिम्मेदारी थी लेकिन दो ग्राम विकास अधिकारी विजय कुमार व आशीष कुमार यादव की तैनाती हलिया विकास खंड में होने से एक एक क्लस्टर कम कर दिया गया है।

### मोनो ब्लाक पंप चोरी होने पर किसान ने थाने में दी तहरीर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोठिया खुर्द गोलरा निवासी रामकृपाल पटेल ने रविवार को थाने में तहरीर देकर बोर में सिंचाई के लिए लगा मोनो ब्लाक पंप चोरी होने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई।तहरीर में बताया है कि घर के सामने स्थित बोर में लगा मोनो ब्लाक पंप को बीती रात में अज्ञात चोर चुरा ले गए सुबह जानकारी होने पर थाने में पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है पुलिस मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है।इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### शिक्षक संघ ईकाई हलिया के अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए सीधी लड़ाई

**हलिया (मिर्जापुर)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक ईकाई हलिया के अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए सीधी लड़ाई होगी। ऐसे में अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए लड़ाई दिलचस्प हो गई है।582 मतदाता निर्णय करेंगे की अध्यक्ष व महामंत्री कौन बनेगा।रविवार को अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह व पवन सिंह पटेल ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमोई में अपने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर चुनाव अधिकारी अनिल सिंह के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया है। जबकि महामंत्री पद के लिए गजेंद्र प्रताप बहादुर सिंह व प्रदीप दुबे ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। ऐसे में अध्यक्ष पद के लिए एक एक नामांकन पत्र व महामंत्री पद के लिए भी एक एक नामांकन पत्र दाखिल होने से सीधी दिलचस्प लडाई होगी। बताते चलें कि निवर्तमान अध्यक्ष कौशल सिंह व निवर्तमान महामंत्री गजेंद्र प्रताप बहादुर सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए 31मार्च को मतदान होगा। ऐसे में अध्यक्ष व महामंत्री पद के उम्मीदवार अपने अपने समर्थकों के साथ मतदाता के घर पहुंचकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं।

### जौनपुर के बेटे ने देशभर में लहराया परचम

जौनपुर। गेट प्रवेश परीक्षा में आल इंडिया प्रथम रैंक हासिल कर पियुष कुमार ने जनपद का नाम गौरवान्वित किया जिस कारण उनके परिजन, मित्र एवं रिस्तेदारो में खुशी की लहर नज़र आयीं। शहर कोतवाली थाना अंतर्गत सिपाह निवासी पत्रकार अरूण कुमार एडवोकेट के अनुज पुत्र पियुष कुमार यादव ने गेट प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया प्रथम रैंक हासिल किया है। पियुष कुमार यादव अपने बड़े भाई आयुष कुमार यादव की ही तरह शुरू से होनहार रहे। क्षात्र जीवन में दोनों एलकेजी से ही हमेशा 92ः के ऊपर का मार्क हासिल करते रहे। जहां पियुष ने अपने परिश्रम के बलबूते आल इंडिया लेवल पर पूर्णांक 100 नंबर में से 91.07 नंबर हासिल करके अपने परिवार के साथ-साथ जनपद प्रदेश का भी नाम पूरे देश में रोशन किया है। जिस कारण उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

### सीआई एसएफऔर पुलिस ने किया रूट मार्च

**जौनपुर ।** जफराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्बे में आचार संहिता प्रभावित होने पर पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के निर्देशन मेंसीओ सिटी सदर देवेष कुमार के नेतृत्व में थाना अध्यक्ष जफराबाद सुरेंद्रनाथ सिंह व चौकी प्रभारी अरविंद कुमार यादव सहित सीआई एस एफके जवान व भारी मात्रा में फोर्स कस्बे में भ्रमण कर आगामी चुनाव वह त्यौहार को देखते हुए की भ्रमण किया और संदेष दिया कि हम जनता के सहयोग के लिए तत्पर है।

### बच्चे मजिस्द में कर रहे कुरान की तिलावत

**जौनपुर।** पवित्र माह रमजान में बच्चे भी रोजा रखते हुये मस्जिद में कुरान की तिलावत भी कर रहे हैं। शहर के मदरसा हनफिया स्थित नवाब साहब का अहाता मदीना मस्जिद में नमाज के लिए लोग पहुंच रहे हैं। 6 साल से 14 साल तक के बच्चे भी इस पाक महीने में पूरी कुरान की तिलावत कर रहे हैं । उसके साथ ही दीनी मालूमात भी हासिल कर रहे हैं । एक साथ मस्जिद में बैठकर इफ्तार भी कर रहे हैं। हजरत मौलाना कयामुद्दीन. हाफिज मोहम्मद हसीन बच्चों को अच्छे दीनी संस्कार बता रहे हैं। रोजे की फजीलत से रूबरू करा रहे हैं नाते नबी का नजराना भी बच्चों से सुन रहे हैं मां बाप भी खुश हैं कि बच्चे अच्छी तालीम इस पाक महीने में रोजा रख कर के अल्लाह की इबादत में लगे हैं माहे रमजान में इबादत का शबाब बच्चों के साथ-साथ उनके मां-बाप को भी मिलता रहेगा। कुछ बच्चे हाफिज ए कुरान भी हो रहे हैं। रमजान की फजीलत चारों तरफ बरकतों की नूर में बरस रही है।

### विवि के चार विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर गेट में सफलता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर जौनपुर के चार विद्यार्थियों ने आईआईटी द्वारा संपन्न कराए जाने वाली राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट (गेट) में सफलता प्राप्त किया है। ज्ञात हो की इस बार गेट की परीक्षा को भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु द्वारा संपन्न कराया गया था। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के चार छात्रों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के भौतिकी विभाग के छात्र अतुल यादव तथा भू एवं ग्रहीय अध्ययन विभाग कि छात्रा सोनल यादव ने गेट की परीक्षा को उत्तीर्ण किया और विश्वविद्यालय के उमानाथ सिंह अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान के बी. टेक. मैकेनिकल विभाग के छात्र अमन कुमार एवं बी. टेक कंप्यूटर विज्ञान विभाग के छात्र शैलेंद्र प्रताप सिंह ने इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया। विद्यार्थियों की सफलता पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है । इस अवसर पर रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार यादव, प्रो. देवराज सिंह, प्रो मिथिलेश सिंह, प्रो संदीप सिंह, प्रो सौरभ पाल सहित अन्य प्राध्यापकों ने बधाई दी है।

### होली पर आन काल डूयटी पर रहेगें चिकित्सक

**जौनपुर।** होली के त्योहार को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। होली पर किसी तरह की घटना होती है या फिर रंग खेलने के दौरान किसी की आंख या त्वचा पर कोई परेशानी होती है तो उसके इलाज के लिए जिला अस्पताल में ऑन काल ड्यूटी पर डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। डॉक्टरों को अस्पताल परिसर नहीं छोड़ने के लिए जल्द पत्र जारी कर दिया जाएगा। होली पर जिला अस्पताल में चिकित्सकों की 24 घंटे की ड्यूटी लगाई जाएगी। आंख रोग विशेषज्ञ और त्वचा रोग विशेषज्ञ की तैनाती की जाएगी। सोमवार को बैठक कर चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इमरजेंसी में पर्याप्त दवाएं रखी जाएंगी, ताकि किसी को दवा के लिए परेशानी न उठानी पड़े। होली के एक दिन पहले से एक दिन बाद तक स्वास्थ्य सेवा की व्यवस्था रहेगी । अस्पताल के स्टाफ को भी पत्र जारी कर ड्यूटी की सूचना दी जाएगी। होली को लेकर अभी से सतर्कता बढ़ा दी गई है। मरीजों के इलाज के लिए ओपीडी में डाक्टरों को निर्देश जारी कर दिया गया है। डॉ. केके राय, सीएमएस, जिला अस्पताल ने बताया है कि होली के त्योहार पर आंख और त्वचा के डॉक्टरों की प्राथमिकता से ड्यूटी लगाई जाएगी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य राष्ट्र के प्रति सेवा

**जौनपुर।** तिलकधारी पीजी कॉलेज के महाराणा प्रताप व्यायामशाला में आज राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.ॠाघवेन्द्र प्रताप सिंह प्रबंधक, ने राष्ट्रीय स्वयंसेवकध्स्वयं सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्हें दूसरों के सेवा , सहायता तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व को एक उत्तम नागरिक के रूप में निर्वहन करने के लिए तैयार रहना चाहिए । राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य दूसरों की सेवा एवं राष्ट्र के प्रति सेवा, त्याग और समर्पण की भावना है। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के माध्यम से छात्रध् छात्राओं को भविष्य के सजग राष्ट्र प्रहरी के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए दूसरों की सेवा का भाव सिखाया जाता है।।कार्यक्रम



का प्रारंभ मां सरस्वती की आराधना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। आये हुए अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विपिन कुमार सिंह ने किया।

स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि यह शिविर मा. प्रबंधक जी के सहयोग और आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है और छात्रों की संबोधित करते हुए कहा कि इस शिविर के माध्यम से हम अपने आस पास सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से सामुदायिक सेवा शैक्षिक पहल , पर्यावरण सरंक्षण और मतदाता जागरूकता अभियान से किया जाएगा ।कार्यक्रम अधिकारी डॉ.ॠमाया सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना एवं उद्देश्य के बारे में शिवार्थियों को बताया। डॉ0जितेश सिंह ने एनएसएस कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं में नयी ऊर्जा और उत्साह बढ़ाने का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। डॉ प्रशांत कुमार ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को सामुदायिक सेवा और राष्ट्र प्रेम से जोड़ने का कार्यक्रम है।कार्यक्रम में शिविरार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और व्यामशाला परिसर की साफ सफाई की गयी । कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 आशा रानी एवं अनेक सम्मानित अतिथिगण और सहयोग के लिए विक्रम सिंह , चन्द्र प्रकाश गिरी,नरेंद्र सिंह , पवन कुमार सिंह उपस्थित रहे ।

## छात्र-छात्राओं को एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट कराई गई

**सोनभद्र।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत शिक्षा क्षेत्र - घोरावल के छात्र-छात्राओं को एक दिवसीय एक्स्पोजर विजिट कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को चुनार किला , चुनार गंगा घाट , एवं शक्तेशगढ़ आश्रम का भ्रमण कराया गया। खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. किर्ती आजाद बिंद द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को एक्सपोजर विजिट के लिए रवाना किया गया । इस अवसर पर एसआरजी विनोद कुमार संजय मिश्रा अशोक मिश्रा अमित कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित थे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी घोरावल द्वारा बच्चों को आवश्यक दवाइयां दवाइयां एवं फर्स्ट एड किट भी उपलब्ध कराई गई। एक्सपोजर विजिट में सम्मिलित सभी छात्र-छात्राएं एक कलर के टी-शर्ट एवं कैप पहने हुए थे। जिस पर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं सर्व शिक्षा अभियान घोरावल का लोगो लगा हुआ था। यात्रा के दौरान बच्चों को स्टेशनरी,स्नैक्स, भोजन, पानी एवं अन्य आवश्यकताओं की व्यवस्था की गई थी। एक्सपोस एग्जिट के दौरान बच्चे द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान उपस्थित शिक्षकों द्वारा किया गया तथा किले के स्थापत्य कला, गंगा के उद्गम से लेकर उस के बहाव क्षेत्र एवं उसके भू वैज्ञानिक प्रभाव के बारे में भी शिक्षको द्वारा बच्चों को विस्तृत जानकारी दी गई। यात्रा के दौरान सभी बच्चे काफी प्रसन्न थे तथा उनके द्वारा बताया गया कि इस यात्रा के दौरान उनके द्वारा बहुत कुछ सीखने को मिला। एक्सपोजर विजिट के समय पूरी यात्रा के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी श्री अशोक कुमार सिंह प्रधानाध्यापक राजीव कुमार गुप्ता , प्रदीप कुमार सिंह सुनील कांत माथुर , स्वेता ठाकुर , एआरपी श्री दीनबंधु त्रिपाठी , एआरपी धर्मराज सिंह एआरपी श्री अखिलेश कुमार सिंह रहे।

## गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करें केंद्र सरकार: कोलीशेट्टी शिवकुमार

**वाराणसी।** गौमाता राष्ट्रमाता महाअभियान के तहत धर्मसम्राट पूज्य स्वामी करपात्री जी महाराज द्वारा शुरू किए गए अभियान गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाकर गोवंश हत्या मुक्त भारत बनाने हेतु राष्ट्रीय दल युग तुलसी पार्टी ने संकल्प लिया हैं। उक्त जानकारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कोलीशेट्टी शिवकुमार ने पराड़कर भवन के गर्दे सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने सभी काशीवासीयो से अनुरोध किया की सभी गौभक्त गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करवाने के लिए



आगे आए और इस मुहिम से जुड़े। कोलीशेट्टी शिवकुमार ने कहा कि पार्टी भारत सरकार से मांग करती है की गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करे व गौकशी को पूरे भारत वर्ष में पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिए कठोर कानून बनाने की मांग की। उन्होंने गौ माता-राष्ट्र माता पर एक पोस्टर का विमोचन किया।

## आदर्श आचार संहिता अनुपालन को लेकर बैठक आयोजित हुई

**इटावा।** जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता के अनुपालन कराए जाने हेतु मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ कलेक्ट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा की मत प्राप्त करने के लिए जाति या संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी चर्च,मस्जिद,मंदिरों और पूजा के अन्य स्थलों को निर्वाचन प्रचार के मंच के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दलों के जो पोस्टर बैनर सार्वजनिक स्थानों एवं शासकीय स्थानों पर लगे हैं उनको तत्काल हटाए जाने की व्यवस्था अभी से ही सुनिश्चित कर लें किसी के निजी घर में अगर पोस्ट होल्डिंग बैनर झंडा लगा है उसकी सहमति की जानकारी कर हटाया जाए, सार्वजनिक दीवारों स्थानों पर जो बाल पेंटिंग है उसको भी तत्काल हटाया जाएगा उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि विद्युत पोलों पर भी जो की सामग्री लिखी है उसको भी मिटवाया जाए, कोई भी राजनीतिक गतिविधियां मंदिर मस्जिद चर्च में नहीं की जाएगी बिना परमिशन के किसी



के घर पर झंडा बैनर पोस्टर नहीं लगाया जाएगा प्रत्याशियों के नामांकन के बाद सभाएं रैली जुलूस आदि की परमिशन लेना आवश्यक है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि कोई भी धार्मिक भावनाओं का दुरुपयोग नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाएगा सभी के लाइसेंस असला आदि जमा कराए जाएंगे।

## आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है होली मिलन

**जौनपुर।** होली आने वाली है इस मौके पर एक होली मिलन समारोह का आयोजन शहर के पूर्वी सहकारी कालोनी में एक होटल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत जेसीआई संस्था अध्यक्ष मीरा अग्रहरी ने सदस्यों तथा आए हुए अतिथियों को गुलाल का टीका लगाकर शुरुआत की, तत्पश्चा रंगारंग कार्यक्रम तथा संस्था के बच्चों ने और कई सदस्यों ने अपनी प्रस्तुति दी।कार्यक्रम का मुख्य बिंदु रंगों की वर्षा गुलाल की फुहार पिचकारी द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में जेसीआई जौनपुर चेतना की सभी सदस्यों ने पारंपरिक वेशभूषा पहने हुए एक दूसरे को रंग लगाकर गले लगाकर होली की बधाई दी। संस्थापक अध्यक्ष मेघना रस्तोगी पूर्व अध्यक्ष नीतू गुप्ता, चारू शर्मा,कल्पना केसरवानी,मधु गुप्ता,रीता कश्यप,अभिलाषा श्रीवास्तव, सचिव वंशिका सिंह,कोषाध्यक्ष मीना गुप्ता, अनीता सेठ,यशी गुप्ता शिल्पी जायसवाल आदि उपस्थित रही ।

## मत का यह अधिकार नहीं वरदान हैं : ऋचा राय

**इटावा।** समारंभा महिला मतदाता जागरूकता अभियान ग्राम नगला इंच्छा,जसवन्तनगर इटावा में समारंभा फाउंडेशन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान 2024 का प्रारंभ किया गया जिसमें मुख्यतः महिला मतदाताओं को प्रेरित करने हेतु प्रयास किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ फाउंडेशन की अध्यक्ष ऋचा राय द्वारा माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

ऋचा राय ने ग्रामीण महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बहुधा महिलाएं अपने मताधिकार के प्रयोग में रुचि नहीं लेती हैं।यदि वह मत का प्रयोग करती भी हैं तो उनका मत परिवार में पति या पुत्र की इच्छा अनुसार ही तय कर दिया जाता है।उन्होंने कहा कि महिलाओं को जागरूक होकर परिवार के साथ साथ सामाजिक रूप से भी अपनी समझ विकसित करनी होगी,जिससे राष्ट्रहित में शत प्रतिशत जनमानस का योगदान सुनिश्चित हो सके।मत का यह अधिकार नहीं अपितु वरदान है। जे एस विश्विद्यालय से सुमन यादव ने भी ग्रामीण महिलाओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का संयोजन व संचालन फाउंडेशन की सक्रिय सदस्या डॉ. शशिप्रभा ने किया। फाउंडेशन द्वारा वयस्कों को 13 मई को मतदान करने हेतु शपथ



दिलाई गई और अल्पवयस्क किशोर किशोरियों को प्रतिदिन दस मतदाताओं को मतदान हेतु स्मरण कराने का कार्य प्रदान किया गया।

नन्ही बालिका अपराजिता द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की गई।प्रथम बार अपने मत का प्रयोग करने जा रही मोहिनी ने कहा कि उचित व्यक्ति को चुन उनका मत व समाज के हित में प्रयोग करेंगी।सुमन,सुनीता,सरिता देवी,मधु,सृष्टि,चिंटु आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 1 जून को अपना सांसद चुनेंगे 18 लाख मतदाता

**हलिया (मिर्जापुर)।** भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मिर्जापुर जिले में आखिरी चरण सातवें चरण में 1 जून को मतदान होगा 1352 मतदान केंद्रों पर 2143 बूथों पर 1897805 मतदाता लोकतंत्र के पर्व पर मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 994546 पुरुष व 903154 महिला व 105 अन्य जेंडर के रूप में मतदाता सूची में शामिल हैं। चुनाव कार्यक्रम घोषणा के साथ जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।इसके साथ ही जिला प्रशासन चुनावी मोड़ में आ गया है। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के क्रम में राजनैतिक दलों के बैनर पोस्टर को हटवाया जा रहा है।जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने प्रेसवार्ता कर चुनाव से जुडी तैयारियों जानकारी को साझा किया है। लोकसभा चुनाव के बिगुल बजते ही जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। एसडीएम, तहसीलदार,नायब तहसीलदार अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने में जुट गए और राजनैतिक दलों के बैनर पोस्टर को हटवाया है।विधानसभा क्षेत्रवार मतदाताओं की संख्या 395 छानबे अनुसूचित 193902 पुरुष व 175934 महिला 24 अन्य मतदाता ,396 मिर्जापुर 210232 पुरुष व 190047 महिला व 27 अन्य ,397 मझवां 211080 पुरुष व 189829 महिला व 22 अन्य,398 चुनार 185334 पुरुष व 170684 महिला व 16 अन्य,399 मड़िहान 193998 पुरुष व 176660महिला व 16 अन्य मतदाता हैं।

## जैन तीर्थ दमोह-कुंडलपुर रेल लिंक निर्माण जल्द हो: विश्व जैन संगठन

**इटावा।** विश्व प्रसिद्ध कुंडलपुर जैन तीर्थ हेतु 20 वर्षो से लंबित 35 किमी की प्रस्तावित रेल लाइन के जल्द निर्माण हेतु विश्व जैन संगठन ने वर्षो पुरानी मांग पर अप्रैल 2024 में प्रस्तावित आचार्य पद प्रतिष्ठा महोत्सव से पूर्व कार्यवाही की मांग की। संगठन के जिलाध्यक्ष आकाशदीप जैन ने कहा कि वर्ष 2004 और 2011 के रेल बजट में दमोह कुंडलपुर रेल लिंक की घोषणा की गई थी लेकिन 20 वर्षो बाद आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।आरटीआई में प्राप्त सूचना के अनुसार नई रेल लाइन का सर्वे 2009 में हो गया था लेकिन रेल मंत्रालय द्वारा इस रूट पर कमाई कम होना कहकर मध्य प्रदेश सरकार से 49 करोड़ की निर्माण लागत का 50त्न खर्च देने की अनुसंशा की गई थी लेकिन आज तक राज्य सरकार द्वारा इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई जबकि रेलवे द्वारा सम्पूर्ण भारत के छोटे से छोटे क्षेत्र को बिना लाभ हानि की अपेक्षा के जोड़ा रहा है।



विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा केंद्र एवं मध्यप्रदेश सरकार से निरन्तर माँग की गई है विगत 20 वर्षो में जैन समाज ही नहीं अपितु दमोह से कुंडलपुर के स्थानीय लोगो की दमोह रेल संघर्ष समिति द्वारा अनेकों बार मांग की जा चुकी है।रेलवे विजन 2020 में भी रेल लाइन का उल्लेख है। देश भर में संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने प्रधानमंत्री जी, रेल मंत्री और मध्य प्रदेश सरकार से दमोह कुंडलपुर रेल लाइन निर्माण पर जल्द कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि संत शिरोमणि पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी मुनिराज के मंगल आशीर्वाद से निर्मित और उनके ससंघ पावन सानिध्य में संपन्न कुंडलपुर तीर्थ पंचकल्याणक वाले तीर्थ तक पहुंचने की सुविधा पूज्य आचार्य श्री को सच्ची विन्यांजलि होंगी और अगामी अप्रैल में पूज्य आचार्य श्री संघ में अगामी आचार्य पद हेतु विशाल महोत्सव के आयोजन से पूर्व रेल लिंक पर कार्यवाही समस्त जैन समाज के लिए हर्ष का विषय होगा।

## सड़क पर फंसे दो बालू लदे ट्रक, आवागमन बाधित

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग हलिया सोनकर बस्ती नहर के पास जल जीवन मिशन द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क का मरम्मत कार्य ठीक से नहीं करने पर मध्यप्रदेश की ओर से बालू गिट्टी लादकर आ रहे एक मिनी हाइवा व एक ट्रक सड़क पर रविवार की फंस गए दोनों वाहनों के फंसने से संपर्क मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है।आपको बताते चलें कि हर घर नल जल योजना के लिए नमामि गंगे परियोजना का कार्य करा रही कार्यदाई संस्था द्वारा सड़क किनारे व सड़क के बीच से पाइपलाइन को पार करने के लिए सड़क की खुदाई कर पाइपलाइन डाल दिया गया लेकिन सड़क का मरम्मत कार्य नहीं कराया गया बल्कि ऐसे ही सड़क को छोड़ दिया गया जिससे सड़क पर आने जाने वाले वाहनों के चालकों को परेशानियों का



सामना करना पड़ रहा है वाहन गड्ढे में फंस रहे हैं। कार्यदाई संस्था द्वारा सड़क के मरम्मत कार्य को पाइपलाइन बिछाने के बाद कर दिया जाना चाहिए लेकिन कार्यदाई संस्था के लापरवाही के कारण लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्यदाई संस्था द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क के मरम्मत कार्य कराने की मांग के लिए ध्यान आकृष्ट कराया है।

## रोजेदारों को इफ्तार कराना पुण्य का कामः अकरम

**जौनपुर ।** शहर के शेखपुरा मोहल्ले में स्थित मदरसा कलंदरिया में छठवें रमजान के मौके पर एक इफ्तार का आयोजन किया गया जिसमें पहुंचकर सैकड़ो रोजेदारों ने रोजा खोला। ज्ञात हो कि इस्लाम धर्म का पवित्र महीना रमजान शुरू हो चुका है, जिसमें रोजेदार 30 दिन का रोजा रखते हैं और खुदा की इबादत करते हैं, इस महीने में हर इंसान को हर छोटी-मोटी और बड़ी गुनाहों से बचना चाहिए,और आपसी प्रेम और सौहार्द बनाकर शांतिपूर्वक अपने समाज व अपने देश की हिफाजत के लिए काम करना चाहिए,उक्त बातें मौलाना एहसानुल कादरी ने कहीं। इस मौके पर आयोजक अकरम अली ने बताया कि रोजेदारों के लिए इफ्तार का आयोजन करना एक पुण्य का काम है,हमारी संस्था हर साल उक्त स्थान पर इफ्तार का आयोजन करती आई है,आखिर में मौलाना ने मुल्क में अमन व सुख चौन के लिए दुआ कराई ।

## समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी घोषित

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति से जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने समाजवादी पार्टी की 65 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने बताया कि जिसमे वरिष्ठ नेता महेंद्र कुमार यादव, डा. सरफराज, राजेंद्र यादव, हीरालाल विश्वकर्मा, इरशाद मंसूरी, विक्रमजीत बिंद ,राजमूर्ति सरोज, सहित 12 उपाध्यक्ष, आरिफ हबीब को महासचिव, सुशील कुमार श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी है। इसके अतिरिक्त कैलाशनाथ यादव, राजदेव पाल, दीनानाथ सिंह गौरीशंकर सोनकर, प्यारेलाल निषाद, निजामुद्दीन अंसारी शाहनवाज खान शेखू, दीपक जायसवाल, भूपेश पांडे, कमलेश सरोज, ठाकुर प्रसाद तिवारी सहित 16 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए है।

## कल्याणकारी कार्यों से प्रदेश की नई पहचानः राज्यमंत्री



**जौनपुर ।** भारतीय जनता पार्टी नगर दक्षिणी व नगर उत्तरी मण्डल का कार्यकर्ता सम्मेलन नगर के सिपाह स्थित विवाह मैरिज लान पर और करंजाकला मण्डल का कार्यकर्त्ता सम्मेलन सिद्दीकपुर में हुआ। नगर मण्डल के सम्मेलन का शुभारम्भ अतिथि खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव , पिंडरा के विधायक अवधेश सिंह व लोकसभा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह, नगर पालिका परिषद कि अध्यक्ष मनोरमा मौर्या, द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि करके किया गया। सम्मेलन में खेल मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश कि योगी सरकार के विकास एवं जन कल्याणकारी कार्यों के परिणाम स्वरूप आज प्रदेश एक नई पहचान के साथ देश के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यों का लाभ गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिला सहित समाज की हर वर्ग को प्राप्त हो रहा है। लोकसभा प्रभारीअमरनाथ यादव जी, नागेश्वर पांडे जी, जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह, जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, विकास शर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन नगर महामंत्री सतीश सिंह त्यागी जी ने किया। श्याम मोहन अग्रवाल, डॉ राम सूरत मौर्य,शशि मौर्य, सरदार जसविंदर सिंह, सूर्य प्रकाश मुन्ना, नीरज सिंह, मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, अशोक सेठ, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंघानिया, सुनील सेठ, आशीष गुप्ता, राजेश गुप्ता, सुनील यादव एवं शिवकमल मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## डीपीएस और विज किड्ज़ की ग्रेजुएशन सेरेमनी हुई



**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा के नवीन सत्र के शुभारंभ के अवसर पर नन्हें मुन्ने लिटिल चैंपियंस की ग्रेजुएशन सेरेमनी का भव्य शुभारंभ दिल्ली पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव,वाइस चेयरमैन डॉ.प्रीति यादव, डॉ.विकास यादव,डॉ.अमिता यादव,प्रिंसिपल भावना सिंह ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। प्रिंसिपल भावना सिंह ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवम अभिभावकों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत संबोधन किया। कार्यक्रम में दिल्ली पब्लिक स्कूल के यूकेजी,एलकेजी,प्री प्राइमरी,प्राइमरी सहित विज किड्ज़ स्कूल के नर्सरी प्री नर्सरी के भी सैकड़ों बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में अतिथियों के रूप में एडिशनल जज इटावा राजवीर सिंह सहित मदन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. विकास यादव एवम उनकी पत्नी डॉ.अमिता यादव, डायरेक्टर एसएमजीआई नर्सिंग एंड पैरा मेडिकल डॉ.शशि शेखर त्रिपाठी,प्रिंसिपल,अर्चना मेमोरियल इंटर कालेज इटावा,असरा अहमद,डायरेक्टर,संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल भिंड,डॉ.सीमा त्रिपाठी,प्रिंसिपल संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल भिंड श्रीमती गीतू रेड्डू,प्रिंसिपल सेंट वी.एन. इटावा सोनम सिंह चौहान उपस्थित रही।

**❍प्रिंसिपल भावना सिंह ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों एवम अभिभावकों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत संबोधन किया।**

## मतदाता जागरूकता चलाने के लिए दिलाया संकल्प

**जौनपुर।** जनपद के मतदाताओं को जागरूक बनाकर लोकसभा सामान्य निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान कराने के उद्देश्य से ईएलसी निर्वाचन साक्षरता क्लब की कार्यशाला स्थान राजा श्रीकृष्ण दत्त इण्टर के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 114 कालेजों से आये स्वीप नोडल अधिकारी प्रतिनिधि व कैम्पस अम्बेडकर को प्रशिक्षित किया गया कि अपने अपने कालेजों में गठित ईएलसी को सक्रिय करते हुए निरन्तर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये और जनपद में 25 मई को मतदान करने के लिए सभी मतदाताओं को प्रेरित करें। जिससे जनपद का मतदान प्रतिशत खूब बढ़े। जिला विधालय निरीक्षक प्रतिनिधिध् ईएलसी कोआर्डिनेटर रमेश चन्द्र यादव ने उपस्थित लोगों को मतदाता जागरूकता चलाने हेतु संकल्प दिलाते हुए मतदान की शपथ दिलाई। ईएलसी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए ईएलसी कोआर्डिनेटर रमेश चन्द्र यादव ने कहा कि हमारे लोकतंत्र को अधिक मजबूत बनाने के लिए, हमारा




उद्देश्य सभी पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना है और यह सुनिश्चित करना है कि यह शतप्रतिशत त्रुटि मुक्त हो। मतदाता शिक्षा का मुख्य उद्देश्य, मतदाताओं को सूचित करना, उन्हें नैतिक बनाना और उनकी भागीदारी को बढ़ाने में मदद करना है। उन्होंने जनपद के सभी इन्टर और डिग्री कालेजों से अपील किया कि अपने कालेज में गठित निर्वाचन साक्षरता क्लब को सक्रीय करते हुए इसके माध्यम से एक मजबूत आंदोलन चलाते हुए सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक व प्रेरित करें।जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से बड़ा चुनावी साक्षरता आंदोलन चलाये जिससे ''कोई मतदाता छुट ना जाए÷ के उद्देश्य को पूरा किया जा सकें, और शतप्रतिशत मतदान हो। उन्होंने कहा कि सभी लोग बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्पलाइन ऐप या वोटर पोर्टल के माध्यम से आनलाइन अपना नाम मतदाता सूची में चेक कर सकते हैं, यदि 18 वर्ष से ऊपर के किसी का नाम सूची में नहीं है तो तुरंत इस ऐप के माध्यम से फार्म 6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। जिससे 25 मई को आप मतदान कर सकें।संचालन प्रधानाचार्य डा संजय चौबे ने किया। इस अवसर पर अशोक तिवारी, प्रधानाचार्य डा संतोष सिंह, प्रधानाचार्य डा जे पी सिंह, प्रेम चन्द्र, डा रमेश चन्द, विश्वनाथ यादव, रवि सिंह, आनन्द तिवारी, बृजभूषण यादव, संजय सिंह, सत्य प्रकाश सिंह सहित विभिन्न कालेजों के स्वीप नोडल व कैम्पस अम्बेसडर उपस्थित रहे।

# निर्वाचन सम्बंधी सभी तैयारियां पूर्ण : डीईओ

■12 अप्रैल से जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में होंगे नामांकन
■07 मई मतदान व 04 जून को होगी मतगणना



बदायूँ(स्पष्ट आवाज)। जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने रविवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों के संबंध में मीडिया बंधुओ से वार्ता की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद में निर्वाचन सम्बंधी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। निर्वाचन को निष्पक्ष, सुचितापूर्ण, निर्विघ्न, शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाएगा।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि कोई भी खबर समाचार पत्र में प्रकाशित करने या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित करने से पूर्व उसकी पुष्टि वरिष्ठ अधिकारियों से आवश्यक रूप से की जाए। उन्होंने निर्वाचन व मतदाता जागरुकता सम्बंधी स्वीप गतिविधियों में मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनसे सहयोग की अपेक्षा की।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने जनपद की पुलिस व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निर्वाचन के दौरान पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहेगा। उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि हिंसा को किसी भी प्रकार से स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस सोशल मीडिया की भी मॉनिटरिंग कर रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस स्तर से तीन ग्रुप बनाए गए हैं जिसमें बड़ी संख्या में आमजन, वॉलिंटियर्स आदि जुड़े हैं। यह बेहतर सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो रहा है।अपर जिलाधिकारी वि0रा0/उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव शर्मा ने चुनाव की तैयारी के संबंध में चर्चा करते हुए बताया कि जनपद बदायूं में निर्वाचन तृतीय चरण में 07 मई को होगा। निर्वाचन की अधिसूचना की दिनांक 12 अप्रैल है। नाम निर्देशन का अंतिम दिनांक 19 अप्रैल, नाम निर्देशन पत्रों की जांच का दिनांक 20 अप्रैल, नाम वापसी हेतु अंतिम तिथि 22 अप्रैल, मतदान 07 मई को तथा मतगणना 04 जून को होगी। उन्होंने बताया कि वह तिथि जिसके पूर्व निर्वाचन पूर्ण कर लिया जाएगा वह 06 जून है। उन्होंने बताया कि नामांकन जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय बदायूं में 12 अप्रैल से होगा।उन्होंने बताया कि 23 बदायूं लोकसभा में पांच विधानसभाएं हैं जिसमें से चार जनपद बदायूं की तथा एक विधानसभा जनपद संभल की है। उन्होंने बताया कि जनपद बदायूं की विधानसभाओं में 112 बिसौली, 113 सहसवान, 114 बिल्सी, 115 बदायूं तथा जनपद संभल की 111 गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र बदायूं लोकसभा अंतर्गत आता है। वहीं 24 आंवला लोकसभा अंतर्गत 116 शेखूपुर व 117 दातागंज विधानसभाएं आती हैं। अपर जिलाधिकारी प्रशासन रेनू सिंह ने बताया कि जनपद में 24,09,905 मतदाता हैं जिनमें से 12,92,286 पुरुष व 11,17,516 महिला मतदाता तथा 103 अन्य मतदाता है। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 22,983 दिव्यांग मतदाता व 1929 सर्विस मतदाता, साथ ही 18 से 19 आयु वर्ग के कुल 31,791 मतदाता तथा 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 9,411 मतदाता है।

उन्होंने बताया कि जनपद में 234 क्रिटिकल मतदान केंद्र, 404 क्रिटिकल मतदेय स्थल, 113 वल्नेरेबुल मतदान केंद्र तथा 146 वल्नेरेबुल मतदाता स्थल हैं। उन्होंने बताया कि जनपद को 24 जोन व 225 सेक्टर में बांटा गया है। जनपद में 54 उड़न दस्ता दल, 18 वीडियो सर्विलांस टीम, 06 वीडियो अवलोकन टीम तथा 06 लेखा टीम बनाई गई है। उन्होंने बताया कि जनपद 06 विधानसभाओं में कुल 1720 मतदान केन्द्र व 2577 मतदेय स्थल बनाए गए हैं।उन्होंने बताया कि मतदान हेतु पोलिंग पार्टियाँ यू0पी0 स्टेट वेयरहाउस कॉरपोरेशन मंडी समिति बदायूं से रवाना होंगी व मतदान उपरान्त उनकी वापसी भी वहीं होगी। मतदानोपरान्त ईवीएम स्ट्रांग रूम भी मण्डी समिति रहेगा तथा मतगणना भी यहीं होगी।

इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी व मीडिया बंधु उपस्थित रहे।

## होली के पर्व पर दुकानो पर उमड़ी भीड

पूरनपुर पीलीभीत (स्पष्ट आवाज) होली का त्यौहार नजदीक आते ही खरीददारी के लिए नगर में भारी भीड जुटने लगी है। दोपहर होते ही बाजार में रौनक बढ़ जाती है। कई प्रमुख जगहों पर भीड़ के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है।होली त्यौहार को लेकर दुकानो पर रौनक देखी जा रही है।होली के पर्व को लेकर नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों में तैयारियां शुरु कर दी गई है। होली नजदीक आते ही क्षेत्रों के ग्रहकों की भीड बढने लगी है। नगर के किराने, रेडीमेड कपड़ों,जूता चप्पलों,कपडा सिलाई की दुकानों पर ग्रहकों की अच्छी भीड देखी जा रही है। सुबह होते खरीददारी के लिए लोग व महिलाएं नगर में पहुंच जाती है। सबसे ज्यादा ग्राहक रेडीमेड गारमेंट्स और साड़ी शोरूम वाली दुकानों में दिखाई देते हैं। कारोबारियों को भी होली पर अच्छा व्यवसाय होने की उम्मीद जगी है। किराना मंडी में दुकानों के बाहर व्यापारियों ने विभिन्न तरह की मेवा सजा रखी है। लोग अपने बजट के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। सड़कों के किनारे रंग-गुलाल और पिचकारी की अस्थाई दुकानें सजी हैं। रंग-गुलाल व पिचकारी की भी खरीद हो रही है। लेकिन गांवों से पूरे परिवार के साथ खरीदारी करने बाजार पहुंचने वाले लोगों के साथ मौजूद बच्चे जिद करके अपनी पसंद की पिचकारी और रंग खरीदना नहीं भूलते। दुकानदारों का कहना है कि अभी तीन दिन तक लोग होली की खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ते रहेंगे।

# जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में शराब का अवैध परिवहन करने वालों की कड़ाई से जांच की जाय



बलिया। शासन के मंशा के अनुरूप एवं प्रमुख सचिव आबकारी आयुक्त राज्य कर उत्तर प्रदेश की आदेश के क्रम में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की मार्गदर्शन में जिला आबकारी अधिकारी विष्णु प्रसाद दुबे कहा कि जनपद में 30 मार्च तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें सीमावर्ती जनपदों में शराब का अवैध परिवहन करने वालों की जांच कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाय। साथ ही आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिले में शराब, नगदी फ्रीबीज इत्यादि वस्तुओं से संबंधित माल का अवैध परिवहन संभावित है। जनपद में सचल दल द्वारा की गई वाहन जांच के दौरान परचून, स्क्रैप एवं अन्य वस्तुओं की आड़ में शराब का अवैध परिवहन किए जाने के प्रकरण संज्ञान में आए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में सचल दल इकाइयों में तैनात प्रॉपर ऑफिसर द्वारा वाहनों की गहन जांच/विशिष्ट प्राप्त अधिसूचना के आधार पर ऐसे प्रकरण प्रकाश में आने पर सम्बंधित जनपद के आबकारी विभाग से समन्वय स्थापित कर मुख्यालय द्वारा पत्र जारी निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करते हुए सूचना साझा की जाए तथा आबकारी विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त जांच करते हुए यथावशयक कार्यवाही की जाएतथा उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जिला आबकारी अधिकारी ने जनपद के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि शराब सील वाला ही बोतल खरीदे और खुला शराब न खरीदे किसी प्रकार की कोई दिक्कत हो तो तुरंत जिला आबकारी अधिकारी को अवगत कराएं।

## आचार संहिता का पालन सख्ती से कराया जायेगाःडीईओ



बलिया। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने, जिला प्रशासन की तैयारियों सहित अन्य जानकारी पत्रकारों से साझा की। कहा कि आचार संहिता लागू होने के साथ ही जनपद में चुनाव संपन्न करने हेतु गठित टीमें सक्रिय हो जाएंगी और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराएंगी।उन्होंने बताया कि बलिया लोकसभा में तीन लोकसभा के आंशिक क्षेत्रों का समावेश है।जनपद की तीन विधानसभाएं बलिया नगर, फेफना एवं बैरिया आती हैं और जनपद गाजीपुर की जहूराबाद और मोहम्मदाबाद विधानसभाएं इसमें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के घोषणा होते ही जनपद के सारे अधिकारी और मॉनिटरिंग टीमें सक्रिय हो जाएंगी। बताया कि जनपद में कंट्रोल रूम स्थापित हो गया है जिसका फोन नंबर 1950 है। सी विजील एप भी कार्य करना आरंभ कर चुका है। इस पर किसी भी मतदाता के शिकायत को सुनकर उसका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चुनाव को लेकर हमारी सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं।जनपद में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाएगा और लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाएगा।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, एडीएम डीपी सिंह, प्रभारी निर्वाचन अधिकारी अखिलेश यादव सहित अन्य अधिकारी और पत्रकार बंधु मौजूद थे।

## संक्षिप्त आवाज़

### शिकायतों पर दो सचिवों से छीनी मलाईदार पंचायते

पूरनपुर पीलीभीत (स्पष्ट आवाज) जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा विकासखंड के दो सचिवों के कार्य क्षेत्र ग्राम पंचायत में बदलाव किया गया।विकासखंड में तैनात दो सचिवो की पंचायतो में परिवर्तन करते हुए सचिव रत्नेश सोनकर गुलरिया भूप सिंह, सिकरहना, पिपरिया माजरा ग्राम पंचायत को सचिव अवनीश कुमार को आवंटित की गई वहीं विकासखंड में तैनाश सचिव सुधीर कुमार से वर्तमान की पंचायतें अभयपुर शाहगढ़ बंगला उर्फ मित्र सेनपूर करनापुर सिसैया व शाहगढ़ को सचिव विजय पासवान को सौंपी गई जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार द्वारा विकासखंड पूरनपुर का सचिव सुधीर कुमार व रत्नेश सोनकर को ग्राम पंचायतो से हटाकर सचिव अवनीश कुमार व विजय पासवान को सौंप गई है जन चर्चा है कि सचिव रत्नेश सोनकर व सुधीर कुमार की शिकायतों के आधार पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश देते हुए पंचायत में बदलाव किया गया है।

### सडक निर्माण करा रहे ठेकेदार को पिटाई मुकदमा दर्ज

पूरनपुर पीलीभीत (स्पष्ट आवाज) सड़क निर्माण में खामियां बताकर दो लोगों ने इसका विरोध किया तो उनकी ठेकेदार से कहासुनी हो गई। मामला हाथापाई तक पहुंच गया। लोगों ने बीच बचाव कर झगड़ा शांत करा दिया। मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।जिला लखीमपुर खीरी के थाना परधान के गांव कहमारा निवासी शशिकांत ठेकेदार है। 14 मार्च को वह सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव मुरादपुर माती में सड़क निर्माण करा रहा था। इसी दौरान गांव रसूलपुर निवासी छोटे सिंह व एक अज्ञात साथी के साथ पहुंच गया। इसके बाद दोनों निर्माण काम खामियां निकालकर ठेकेदार से अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर ठेकेदार से गाली गलौच करने लगे,मना करने पर ठेकेदार को मारा पीटा। शोर मचाने पर घटना को लेकर कई लोग गांव में पहुंच गए। बीच बचाव कर झगड़ा शांत कर दिया। इसके बाद आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने ठेकेदार की ओर से मुकदमा दर्ज किया है।थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने बताया सड़क निर्माण को लेकर एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने मारपीट की थी। शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### आबकारी टीम ने पकडी कच्ची शराब

पूरनपुर पीलीभीत (स्पष्ट आवाज) लोकसभा चुनाव व होली पर्व को लेकर आबकारी विभाग सक्रिय हो गया है। अभियान चलाकर दर्जनों गांव में छापामारी कर कार्रवाई की गई। इस दौरान बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बरामद कर लहन नष्ट किया गया। मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।लोकसभा चुनाव व होली का त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। होली पर अवैध कच्ची शराब को लेकर झगड़ा फसाद होते हैं। इसको लेकर आबकारी विभाग इंस्पेक्टर राम अवध सरोज ने बरेली की आबकारी परिवर्तन टीम ने कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवंतापुर,उदयपुर खुर्द,बिलहारी,पजाबा, कढेरचोरा,चांट फिरोजपुर सहित दर्जनों गांव में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान लगभग सौ लीटर अबैध कच्ची शराब बरामद की गई। मौके से बरामद लगभग चार सौ लीटर लहन को मौके पर नष्ट करा दिया गया। इस मामले में तीन के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा गया है। आबकारी विभाग की ओर से की गई छापामारी कार्रवाई को लेकर शराब माफियाओं में हड़कंप मचा रहा। कई जगहों पर शराब माफियाओं ने सूचना मिलने पर कच्ची शराब को इधर-उधर ठिकाने लगा दिया। इंस्पेक्टर अवध सरोज ने बताया कच्ची शराब को लेकर छापामारी की गई थी. जिसमें तीन लोगों को शराब के साथ गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। शराब बनाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### समाजसेवी ने लावारिस व्यक्ति का इलाज करवा कर पहुंचाया वृद्धा आश्रम



अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। लगभग 2 महीने पूर्व पुरानी तहसील अकबरपुर निकट हनुमान मंदिर के सामने से अजय कुमार मोदनवाल का समाजसेवी बरकत अली के पास फोन आया और कहा एक लावारिस व्यक्ति का पैर पूरी तरह सड़ चुका है वह व्यक्ति बहुत परेशान हैं आप आ जाइए उसे व्यक्ति का मदद कर दीजिए समाजसेवी बरकत अली तत्काल पहुंचकर 108 एम्बुलेंस को सूचना देकर बुलवाया उसके बाद 108 एम्बुलेंस से अकबरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। उसका इलाज लगभग 2 महीने तक चला जब वह पूरी तरह स्वस्थ हो गया समाजसेवी बरकत अली ने उसे व्यक्ति से पूछा कहां जाएंगे तो उसने कहा कि हमको वृद्धा आश्रम पहुंचा दीजिए समाजसेवी बरकत अली ने वृद्धा आश्रम के प्रबंधक से संपर्क करके उसे लावारिस व्यक्ति को वृद्धा आश्रम पहुंचा दिया समाजसेवी बरकत अली लगातार हर जरूरतमंद की मदद करते हुए दिखाई देते हैं लोग उनकी काफी सराहना भी कर रहे हैं।

### चुनाव और त्यौहार में खलल डालने वालों के ऊपर होगी कार्रवाईः सुरेश मिश्रा

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। लोकसभा चुनाव और होली को लेकर सक्रियता बढ़ गई है। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से एक्टिव मोड में हो चुकी है। अकबरपुर कोतवाली मे आगामी त्योहार होलिका दहन, होली, माह ए रमजान एवं आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत थाना क्षेत्र अकबरपुर में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए अकबरपुर थाना परिसर में रविवार को जिले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाने पर सभी समुदायों के धर्म गुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। चुनाव एवं त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करते हुए चौकसी बरतने और उनका तत्काल खंडन करने, सांप्रदायिक व अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई पर जोर दिया गया। सभी प्रतिभागियों से आगामी चुनाव में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस के सहयोग की अपील की गयी। क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि अगर कोई अराजकतत्व अराजकता फैलाने की कोशिश करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीस कमेटी की बैठक में तहसीलदार बलवीर यादव एवं क्षेत्राधिकारी सुरेश चंद्र मिश्रा कोतवाली प्रभारी वीरेन्द्र बहादुर सिंह, कस्बा चौकी अकबरपुर जैद अहमद, जेल चौकी प्रभारी प्रभात कुमार गंगवार, सिविल लाइन चौकी प्रभारी संजय कुमार यादव, चौकी प्रभारी एरिया विकास गौतम, उप निरीक्षक अश्वनी सिंह, यसआई राम नरेश सहित क्षेत्र के धर्म गुरु, गणमान्य एवं सम्मानित लोग शामिल रहे।

# त्यौहारो के मद्देनजर विभिन्न क्षेत्रों में किया पैदल मार्च



मुरादाबाद। क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर,मुरादाबाद द्वारा पुलिस व सीआरपी बल के साथ त्योहारों,आगामी लोकसभा चुनाव , अपराध नियंत्रण, कानूनध्शान्ति व्यवस्था एवं जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत सर्किल कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत पैदल मार्च कर बूथों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बताते चले कि आगामी त्यौहारो के मद्देनजर रविवार को क्षेत्राधिकारी कोतवाली ने भारी पुलिस फोर्स व सीआरपी बल के साथ कोतवाली के विभिन्न क्षेत्रो में पैदल मार्च किया इस दौरान क्षेत्राधिकारी कोतवाली द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गणमान्य नागरिको के साथ वार्ता की गई और सभी लोगो से षांति व्यवस्था बनाये रखने कीअपील की। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मुगलपुरा व नागफनी एसओ सहित भारी पुलिस फोर्स मौजूद रही।

# मनरेगा मजदूरों का लटका भुगतान कैसे मनेगी होली व ईद

पीलीभीत (स्पष्ट आवाज) होली का पर्व नजदीक आ रहा है। मनरेगा श्रमिकों को कई महीनो से काम नहीं मिल रहा है। इससे उन्हें आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है। अगर इसी तरह से काम न मिला तो इस बार मनरेगा मजदूरों की होली फींकी होने की उम्मीद देखी जा रही है। लगातार काम की आस में बैठे हुए हैं। सरकार द्वारा मनरेगा के अंतर्गत श्रमिकों को सौ दिनों का काम मिले इसके लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है।उसके वावजूद मनरेगा मजदूरों को काम नही मिल रहा है।कई ग्राम पंचायतों में वीते कई महीनों से मनरेगा काम ठप पडा हुआ है।जिससे उनको काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। मनरेगा श्रमिकों को अभी तक मनरेगा द्वारा नाम मात्र का ही काम मिला है। काम न मिलने से उनको अपने परिवार के भरण-पोषण में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। साथ ही मनरेगा फावड़े भी घर में रखे जंग पाक रहे हैं।जबकि सरकार की ओर से सौ दिन का काम दिया जा रहा है।जिससे मजदूरों को आर्थिक संकट से जूझना न पडे। मजदूर वीते कई महीनों से काम मिलने की आस लगाए हुए बैठे हैं। कुछ मजदूरों का पिछला भुगतान भी नही मिला है। मजदूरों ने वताया कि अगर काम व भुगतान नही मिला तो होली पर काफी परेशानियों का सामना करना पडेगा। उन्होंने बताया भुगतान न होने से होली पर्व पर होने वाली घरेलू चीजों को खरीदने के लिए एक दूसरे से कर्ज लेना पड़ रहा है।मनरेगा श्रमिकों का कहना है कि होली का त्योहार काफी नजदीक आ रहा है। ऐसे में काम न मिलने के चलते इस बार होली उनकी फींकी रहेगी। काम न मिलने से मजदूरों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उसके वावजूद बिभाग के अधिकारियों की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# पंजाबी मूवी वार्निंग टू के अभिनेता पहुंचा सिनेमा घर



पूरनपुर पीलीभीत (स्पष्ट आवाज) नगर के प्रसाद टाकीज में पंजाबी मूवी वार्निंग टू के अभिनेता के पहुंचने से कई दर्शक उनको देखने पहुंचे। जिससे कई लोग अभिनेता के साथ सेल्फी लेते नजर आए।पंजाबी मूवी टू के अभिनेता प्रिंस कमलजीत सिंह सिंह पम्मा रविवार को अचानक नगर पूरनपुर के प्रसाद टाकीज में पहुंचे और उन्होंने यहां का हाल चाल जाना। नगर में उनके आने की सूचना पर उनके दर्शक प्रसाद टाकीज में देखने पहुंचे। उन्होंने अपने दर्शकों से हाल चाल जाना। लोगों ने उनसे मिलकर खुशी जाहिर की। इसके बाद कई लोगों ने अभिनेता के साथ सेल्फी लेकर खुशी जाहिर की। इसके अलावा प्रसाद टाकीज के मालिक सुभाष पाण्डेय ने अभिनेता के आने पर उनका स्वागत किया तथा एक दूसरे का हाल चाल जाना। अभिनेता ने दर्शकों को बताया कि दिल में यदि कुछ करने का जुनून हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। इसलिए अपने जुनून को हमेशा कायम रखना चाहिए। अभिनेता के पहुंचने पर दर्शकों के चेहरे खिले नजर आए।

# भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा की बैठक अंबेडकर पार्क सिविल लाइंस में हुई सम्पन्न



मुरादाबाद । भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा की एक बैठक शहर के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश फक्कीरचंद नागवंशी ने की व संचालन मंडल अध्यक्ष वीर राजू चौधरी के द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वीरेश नागवंशी ने कहा कि समाज को एक मंच पर लाना है, क्योंकि भगवान वाल्मीकि महाराज एवं बाबा साहब की देन है कि हम अपनी बात खुले मंच पर करते हैं। एकता में ही शक्ति है,और शक्ति एकता है। समीक्षा बैठक में संगठन गतिविधि पर विचार विमर्श किया गया, कि हमें पूरे उत्तर प्रदेश में अपने संगठन की शाखा खोलनी है और जन-जन तक भगवान वाल्मीकि और बाबा साहब की विचारधारा को पहुंचाना है। साथ ही बैठक में संगठन के द्वारा अब तक किए गए कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में राष्ट्रीय निर्देशक रोहित चंदेल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गजराम सिंह, राष्ट्रीय मुख्य कोषाध्यक्ष अनिल, प्रदेश प्रभारी राजेंद्र सिंह देव, मंडल अध्यक्ष राजीव चौधरी,मंडल उपाध्यक्ष सुंदर सिंह,रामकिशोर, चिंटू, अनिल भगत, आदि लोग मौजूद रहे।

# विधिक संगोष्ठी में गहन चर्चा कर जानकारी दी गई




पूरनपुर पीलीभीत (स्पष्ट आवाज) प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष अमिताभ मिश्रा महामंत्री संजय पांडे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश गुप्ता द्वारा एक विधिक संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।तहसील परिसर में अधिवक्ता सभागार में आयोजित विधिक में मुख्य अतिथि उत्तरांचल हाई कोर्ट बार के एसोसिएशन के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी महामंत्री सौरभ जोशी एवं बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष सीरिस मल्होत्रा सहित भारी संख्या में अधिवक्ता व नगर के प्रबुद्ध लोगों ने सहभाग किया आयोजित विधिक संगोष्ठी में नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों पर गहन चर्चा की गई तथा विधिक जानकारी दी गई आयोजित संगोष्ठी में आए सभी अतिथियों अधिवक्ताओं व नगर के प्रबुद्ध नागरिकों का एसो0अध्यक्ष अमिताभ मिश्रा व महामंत्री संजय पांडेय उपाध्यक्ष सनाढय वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश गुप्ता द्वारा सभी का स्वागत व आभार व्यक्त किया गया विधिक संगोष्ठी में मुख्य रूप से देव शर्मा गिरीश सक्सेना वेद प्रकाश पांडे मुकेश गुप्ता गौरव पांडे अजीत सक्सेना भारती पासवान सिद्धांत मिश्रा संजय विश्वास मीना गुप्ता सहित भारी संख्या में अधिवक्ता व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रवेश की अंतिम तिथि जारी

बलिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपक श्रीवास्तव ने बताया है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत सिविल सेवा एवं राज्य सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा/NEET/JEE /NDA/ CDS/ SSC में प्रवेश परीक्षा 2024 का कार्यक्रम तय हो गया है जो निम्नवत है। आवेदन आरंभ होने की तिथि 16 मार्च 2024 और आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2024 है। अभ्युदय प्रवेश परीक्षा की तिथि एवं समय म?ई माह के तृतीय/ चतुर्थ सप्ताह में प्रस्तावित है। प्रवेश परीक्षा परिणाम प्रकाशित होने की अनुमानित तिथि माह जून के द्वितीय सप्ताह में है। एवं कोचिंग सत्र संचालन की तिथि 1 जुलाई 2024 है।आगामी प्रतियोगिकी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना के अंतर्गत निशुल्क कोचिंग हेतु ऑफलाइन पंजीकरण 16 मार्च से 30 अप्रैल 2024 तक किया जा सकता है आवेदन पत्र जिला समाज कल्याण आधिकारिक कार्यालय विकास भवन बलिया से प्राप्त किया जा सकता है योजना की अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9891567585,8953767858 पर एवं Email- abhyudayballia@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है।

## पति पत्नी के विवाद में मॉ को मारपीट कर किया लहुलूहान



मुरादाबाद। थाना नागफनी क्षेत्र में बहु बेटे में हो रही मारपीट में बीच बचाव कराना एक महिला को भारी पड़ गया, बेटे और बहू की लड़ाई में बीच बचाव कराने पहुंची मां के साथ बेटे ने जमकर मारपीट की, बेटे की पिटाई से घायल हुई मां को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दे की मूल रूप से डिडौली थाना क्षेत्र के गांव नौरंगपुर का रहने वाला जयपाल अपनी पत्नी अतरेश, बेटे शिवम और पुत्रवधू प्रीति के साथ मुरादाबाद महानगर के नागफनी थाना क्षेत्र बंगला गांव तारों वाली गली में रहता है। बताया जा रहा है कि जयपाल के बेटे शिवम ने 1 वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था, शादी के बाद से ही पति-पत्नी में आए दिन विवाद होता है, पति-पत्नी के इन झगड़ों से मां-बाप भी परेशान है। आज सुबह भी शिवम और उसकी पत्नी प्रीति के बीच झगड़ा चल रहा था, इस दौरान शिवम की मां अतरेश जब बहू बेटे के झगड़े में बीच बचाव कराने पहुंची तो आरोप है कि बेटे ने अपनी मां के साथ भी जमकर मारपीट की, जिससे महिला घायल हो गई, महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां महिला का उपचार चल रहा है वहीं परिवार वालों ने बेटे शिवम के खिलाफ पुलिस से शिकायत करने की तैयारी शुरू कर दी है।

## परीक्षा देने गई किशोरी हुई लापता

मऊ/चित्रकूट। मऊ क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी के लापता होने पर परिजनों ने गांव के युवक पर भगा ले जाने का आरोप लगाया। रविवार को पीडित परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। परिजनों ने बताया कि मऊ थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी सात मार्च को इंटर कॉलेज में परीक्षा देने गई थी। परीक्षा स्थल नहीं पहुंची। प्रधानाचार्य की सूचना पर परिजनों ने किशोरी की आसपास खोजबीन की। उसका कहीं पता न चलने पर गांव के ही संजय पुत्र मुन्ना अहिरी पर किशोरी को ले जाने का आरोप लगाया है। परिजनों ने मऊ थाने में तहरीर दी थी। कोई कार्यवाही न होने पर परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

## दशकों बाद सीएचसी कटेहरी को मिला ईएनटी सर्जन

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। सीएचसी कटेहरी से जुड़ी लगभग एक लाख की आबादी के लिए बड़ी राहत की खबर है। दशकों से सीएचसी पर ईएनटी सर्जन की तैनाती की मांग आखिरकार पूरी हो गई। डॉ अमृत प्रताप सिंह की ईएनटी सर्जन के पद पर तैनाती कर दी गई। इससे संबंधित मरीजों को जिला अस्पताल तक दौड़ लगाने से राहत मिलेगी। इसके साथ ही जिले के अलग-अलग सरकारी अस्पताल में 36 नई स्टाफ नर्सों की भी तैनाती की गई। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग लगातार कोशिश कर रहा है। बीते दिनों ही पांच नए चिकित्सक की तैनाती संविदा के तौर पर अलग-अलग अस्पतालों में की गई थी। इस बीच अब सीएचसी कटेहरी को ईएनटी सर्जन की तैनाती कर दी गई। मालूम हो कि सीएचसी कटेहरी में ईएनटी सर्जन की तैनाती न होने से नाक, कान व गला से संबंधित मरीजों को जिला अस्पताल तक की दौड़ लगानी पड़ती थी। इससे संबंधित मरीजों को कई प्रकार की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। सीएमओ कार्यालय के अनुसार स्वास्थ्य निदेशालय से डॉ अमृत प्रकाश सिंह की तैनाती सीएचसी कटेहरी में ईएनटी सर्जन के रूप में की गई है। इसके साथ ही 36 नई स्टाफ नर्सों की भी तैनाती जिले में हुई है। शीघ्र ही अलग-अलग अस्पतालों में नर्सों की तैनाती भी कर दी जाएगी। इससे मरीजों को बेहतर ढंग से स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी।कटेहरी बाजार निवासी सियाराम, मनोज, गजेंद्र व कुलदीप ने कहा कि कटेहरी सीएचसी में ईएनटी सर्जन की तैनाती न होने से लोगों को जिला अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ती थी। इससे समय के साथ-साथ कई अन्य तरह की परेशानियों से गुजरना पड़ता था। लेकिन अब कटेहरी सीएचसी में ईएनटी सर्जन की तैनाती होने से नाक, कान व गला से संबंधित मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही इलाज मिल सकेगा। इससे जिला अस्पताल तक की दौड़ लगाने से निजात मिलेगी। उक्त मामले में सीएमओ डॉ राजकुमार ने बताया कि सीएचसी कटेहरी में जहां एक ईएनटी सर्जन की तैनाती हुई है तो वहीं 36 नर्सें की भी अलग-अलग अस्पतालों में जिम्मेदारी संभालेंगी। इससे मरीजों को और भी बेहतर ढंग से स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

# 29 अप्रैल से नामांकन, 25 मई को डाले जाएंगे वोट

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। लोकसभा चुनाव में 25 मई को छठवें चरण में यहां पांच विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। कुल 18,55,056 मतदाताओं को अपने पसंदीदा प्रत्याशी को चुनने का मौका मिलेगा। 29 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी जबकि 4 जून को मतों की गणना होगी।लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही शनिवार को जिले में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई। यहां जिले में कुल पांच विधानसभा सीटें हैं। इनमें से एक आलापुर सुरक्षित सीट संतकबीरनगर संसदीय सीमा में आती है जबकि अयोध्या जनपद की गोसाईगंज विधानसभा सीट अंबेडकरनगर लोकसभा सीट में शामिल है। लोकसभा चुनाव की घोषणा शनिवार को चुनाव आयोग ने करते हुए कुल सात चरण में प्रक्रिया पूरी करने का निर्णय लिया है। इसमें अंबेडकरनगर में छठवें चरण में मतदान होगा। इस चरण में कुल 14 सीटों पर विजेता का फैसला मतदाता करेंगे। अंबेडकरनगर में चुनाव की अधिसूचना स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन 29 अप्रैल को जारी करेगा। इसी दिन से ही यहां लोकसभा प्रत्याशी नामांकन पत्र भी दाखिल कर सकेंगे। 6 मई तक नामांकन पत्र जमा करने का मौका मिलेगा। 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 9 मई को नाम वापसी की सुविधा रहेगी।25 मई को मतदान होगा। 4 जून को मतों की गणना कराई जाएगी। कुल 18,55,056 मतदाता पूरे जिले में मतदान करेंगे। यहां बीते लोकसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी के तौर पर रितेश पांडेय सांसद चुने गए थे। सपा से गठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर उन्होंने तत्कालीन सहकारिता मंत्री बीजेपी प्रत्याशी मुकुट बिहारी को पराजित किया था। रितेश बीते दिनों ही बसपा छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए। पार्टी ने उन्हें लोकसभा का टिकट भी थमा दिया है। सपा ने कटेहरी विधायक लालजी वर्मा को टिकट देकर पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को साधने की कोशिश की है। यहां कांग्रेस ने सपा को समर्थन दिया है। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के तौर पर लालजी मुकाबले में रहेंगे। बसपा ने अभी यहां प्रत्याशी नहीं उतारा है। उम्मीद जताई जा रही है कि अल्पसंख्यक वर्ग से बसपा यहां प्रत्याशी बना सकती है।

# डीईओ लोकसभा निर्वाचन के संबंध में की बैठक

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत दिनांक 17 मार्च 2024 को जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ द्वारा प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ प्रेस वार्ता किया गया, जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 जनपद अंबेडकर नगर में छठवें चरण में निम्नांकित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव संपन्न कराया जाएगा। जिसमें लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंबेडकरनगर निर्वाचन की अधिसूचना 29 अप्रैल 2024, नाम निर्देशन हेतु अंतिम दिनांक 6 मई 2024, नाम निर्देशनों की जांच का दिनांक 7 मई 2024, नाम वापसी हेतु अंतिम दिनांक 9 मई 2024, मतदान का दिनांक 25 मई 2024, मतगणना का दिनांक 4 जून 2024 तथा निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया 6 जून 2024 को पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मीडिया कर्मियों को यह भी अवगत कराया गया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्नस्ज्ञ, स्ष्टस्ष्ट सहित अन्य टीमों को आयोग के दिए गए निर्देशों के अनुसार अनुपालन के लिए निर्देशित कर दिया गया है कि वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का शक्ति से पालन करें जिससे लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 शांतिपूर्ण पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि फेक न्यूज़ पर आयोग के निर्देश के क्रम में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अतः बिना किसी सक्षम अधिकारी के समाचार की पुष्टि किए बिना भ्रामक खबरों को प्रकाशित न करें, इसी प्रकार पेड न्यूज़ पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। 40त्न से अधिक दिव्यांगजन व 85 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके वृद्ध जनों के लिए घर से ही वोटिंग करने के विकल्प खुले हुए हैं। वर्तमान में धारा 144 लागू है इसका कड़ाई से पालन कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि चुनाव आयोग द्वारा 4रू जिसके अंतर्गत मसल पावर, मनी पावर, मिस इनफॉरमेशन, स्ष्टष्ट वायलेशन से निपटने के लिए आयोग द्वारा निर्देश दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आमजन से अपील किए कि 25 मई 2024 को अंबेडकरनगर निर्वाचन में अधिक से अधिक संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।पुलिस अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जिन लोगों के लाइसेंसी असला है वह यथाशीघ्र जमा कर दें। इसके अतिरिक्त आयोग द्वारा दिए गए अन्य निर्देशों को भी विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। प्रेस वार्ता के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा आदि मौके पर उपस्थित है।

स्वामी स्पष्ट आवाज के लिए, मुद्रक एवं प्रकाशक - आनन्द सिंह, द्वारा दी इण्डियन एक्सप्रेस प्राईवेट लि. प्रेस सी- 26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं 47/1, क्ले स्क्वायर होम्स, कबीर मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित। आर.एन.आई. पंजीयन संख्याः U.P. HIN/2004/13625, डाक पंजीयन संख्या - SSP/LW/NP-119/2010-12
*संपादक -डा. विजय सिंह, फोन/फैक्स : 0522-3599932,0522-4306534, मो0: 9415003504 E-mail : spawaz2010@gmail.com, anand.singh2@gmail.com.* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट की धारा- 7 के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनमें उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

